Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 219 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, मंगलवार 18 फरवरी 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**

जीवन को भोग की नहीं, योग की तपोभूमि बनाएं।
We should make our life the field of austerities, not of clover.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ 20 फरवरी को

**दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव रिजल्ट के 12 दिन बाद 20 फरवरी को नए मुख्यमंत्री रामलीला मैदान में शपथ लेंगे। हालांकि, भाजपा ने अब तक च्रेहरा फेस तय नहीं किया है। पार्टी विधायक दल की बैठक 19 फरवरी को बुलाई गई है, जिसमें च्रेहरा की घोषणा होगी। इससे पहले 16 फरवरी शाम को खबर आई कि 17 फरवरी, यानी आज विधायक दल की बैठक होगी और 18 फरवरी को शपथ ग्रहण समारोह होगा। हालांकि, कुछ देर बाद इसे दो दिन के लिए टाल दिया गया। इसकी वजह नहीं बताई गई।

### एक साथ उठीं 10 अर्थियां, परिजनो का रो-रो कर बुरा

**कोरबा (विसं)।** प्रयागराज में बस और बोलेरों की टक्कर में छत्तीसगढ़ के 10 लोगों की मौत हो गई. सभी लोग महाकुंभ स्नान के लिए गए थे, तभी यह हादसा हुआ. 2 दिनों के बाद सभी मृतकों के 10 शव कोरबा पहुंचे. इस दौरान परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है. कोरबा में एक साथ सभी मृतकों की अंतिम यात्रा निकली गई. श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन सहित भाजपा और कांग्रेस के कई नेताओं ने मृतकों के परिवारों से मुलाकात कर दुख जताया। मंत्री देवांगन ने प्रत्येक मृतक के परिवार को एक-एक लाख की सहायता राशि देने की घोषणा की. उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री से बातचीत कर अतिरिक्त सहायता का प्रयास किया जाएगा.

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में 53 ब्लॉकों की ग्राम पंचायतों में करीब 75 प्रतिशत हुआ मतदान

### धमतरी में एक बुजुर्ग वोटर की हार्ट अटैक से मौत

### कहीं प्रत्याशी का सिर फोड़ा तो कहीं दूल्हों ने किया मतदान

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण की वोटिंग खत्म हो गई है। 53 ब्लॉकों की ग्राम पंचायतों में करीब 75 प्रतिशत वोटिंग हुई है। इस दौरान धमतरी में एक बुजुर्ग वोटर की हार्ट अटैक से मौत हो गई। सूरजपुर जिले में एक प्रत्याशी के समर्थकों ने अपने विपक्षी प्रत्याशी का सिर फोड़ दिया। पंच प्रत्याशी जाहिदा खातून के समर्थकों ने फर्जी वोटिंग के शक में विनय गुप्ता को पीटा है। हालांकि कुछ अच्छी तस्वीरें भी सामने आई। शादी की रस्मों के बीच 3 दूल्हे वोट डालने पहुंची। वहीं मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े अपने पति के साथ बाइक पर बैठकर पोलिंग बूथ पहुंची और मतदान किया।

पेंड्रा में शराब के नशे में चुनाव कराने वाले सहायक ग्रेड 3 के अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि गौरेला के कछापारा नेवसा मतदान केंद्र क्रमांक 55 में मतदानकर्मी प्रशांत विश्वकर्मा नशे में पहुंचे थे। जिला निर्वाचन अधिकारी लीना कमलेश मंडावी ने कार्रवाई की है। रायगढ़ जिला पंचायत के कुकुरदा ग्राम पंचायत में दोपहर 2:30 बजे मत-पत्र खत्म हो गए। आनन-फानन में दोपहर 3 बजे मत पत्र की व्यवस्था की गई। वार्ड नंबर 10 में कुल 96 मतदाता हैं, जिनमें से सिर्फ 52 मत पत्र ही उपलब्ध थे। वार्ड प्रत्याशी बृजेश मेहर ने मतदान रद्द करने की मांग की है। फर्जी मतदान की आशंका जताई गई है।

धमतरी में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान 80 साल के बुजुर्ग मतदाता की अचानक मौत हो गई। बुजुर्ग मतदाता जैसे ही मतदान केंद्र क्रमांक 2 पर मतदान के लिए पर्ची लेने पहुंचे, वैसे ही उन्हें दिल का दौरा पड़ा और वे वहीं गिर पड़े। मौके पर मौजूद सुरक्षा जवानों और अन्य मतदाताओं ने तुरंत उन्हें नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चुनाव अधिकारियों ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक की पहचान कर ली गई है और उनके परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी वेदराम मनहरे ने सवाल उठाए हैं। गुरु खुशवंत साहेब के भाई सौरभ के पक्ष में वोट डलवाने के आरोप लगाए हैं। वहीं अभनपुर के टीला में पंचायत चुनाव के लिए दूल्हा तेजराम चक्रधारी ने मतदान किया। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में पंचायत चुनाव के दौरान 2 दूल्हों ने अपनी शादी से पहले मतदान किया। कृतबास गांव के राकेश कुमार यादव, ग्राम पंचायत उरतुली के पवन पटेल ने भी हल्दी-तेल की रस्मों के बीच मतदान किया। कोरबा जिले के करतला ब्लॉक के चीता पाली गांव में सरपंच प्रत्याशी के चुनाव चिन्ह में बदलाव को लेकर विवाद हो गया। सरपंच प्रत्याशी तिलोत्तमा को ताला-चाबी का चुनाव चिन्ह मिला था। इसकी जगह बैलेट पेपर पर कोई और चुनाव चिन्ह छप गया। इससे पोलिंग बूथ पर विवाद हो गया, जिसके चलते 2 घंटे तक मतदान रुका रहा।

इसके अलावा कई बड़े नेताओं के रिश्तेदार जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समधी, कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री तुलेश्वर सिंह के बेटे सतवंत सिंह कोर्राम, पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी विधायक रेणुका सिंह की बेटी चुनाव लड़ रही हैं।

### पति के साथ बाइक पर बैठकर वोट देने पहुंचीं कैबिनेट मंत्री राजवाड़े

**सूरजपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए आज पहले चरण की वोटिंग हुई .प्रदेशभर की पंचायतों में गांव का सरकार को चुनने के लिए भारी उत्साह देखा गया. इस बीच कैबिनेट मंत्री का भी एक वीडियो सामने आया है. प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े अपने पति के साथ बाइक पर बैठकर वोट देने के गईं। दरअसल विष्णु कैबिनेट की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े सूरजपुर जिले के वीरपुर की रहने वाली हैं. गांव की सरकार चुनने की बारी आई तो वे अपने गांव वीरपुर पहुंचीं। यहां पति के साथ बाइक पर बैठकर मतदान केंद्र तक पहुंची. यहां वे अन्य वोटर्स के पीछे लाइन में खड़ी हुईं. इसके बाद जब खुद की बारी आई तो वोट दिया.

## नक्सलवाद पर लोकतंत्र की ऐतिहासिक जीत, दशकों बाद बस्तर के गांवों में गूंजेगा लोकतंत्र का स्वर

### जनता ने चुना विकास का मार्ग, हिंसा को दिखाया बाहर का रास्ता : मुख्यमंत्री साय

### राज्य में त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के प्रथम चरण में लोकतंत्र ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। बस्तर संभाग, जो दशकों तक नक्सलवाद के साए में रहा, अब लोकतंत्र के उजाले की ओर बढ़ रहा है। सुकमा और बीजापुर जिले के अनेक मतदान केंद्रों पर पहली बार अनेक दशकों के बाद ग्रामीण पंचायत चुनाव में मतदान कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि बस्तर में जनता ने विकास का मार्ग चुना है और हिंसा को बाहर का रास्ता दिखाया है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन राज्य और केंद्र सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति, सतत विकास कार्यों और सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था का परिणाम है। यह केवल एक चुनाव नहीं, बल्कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लोकतंत्र के प्रति बढ़ते विश्वास और भयमुक्त समाज की दिशा में बढ़ते कदमों का प्रमाण है।

बस्तर में पंचायत चुनावों का नक्सलियों द्वारा कोई विरोध नहीं किया जाना क्षेत्र में 40 से अधिक नवीन सुरक्षा कैंपों की स्थापना और सरकार द्वारा ग्रामीणों में विश्वास बहाल करने की रणनीति का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि बस्तर में नक्सली कमांडर हिड़मा के गांव पूवर्ती में भी इस बार ग्रामीण मतदान के लिए उत्साहित हैं। यह एक ऐतिहासिक बदलाव है और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत को दर्शाता है। राज्य में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, दंतेवाड़ा और गरियाबंद जिलों में भी मतदान को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया। बीजापुर के पुसनार, गंगालूर, चेरपाल, रेड्डी, पालनार जैसे क्षेत्रों में ग्रामीणों ने निर्भीक होकर मतदान किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर में नक्सलवाद के खात्मे की प्रक्रिया अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के संकल्प के अनुरूप मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। राज्य सरकार बस्तर के नागरिकों को विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं से जोड़ने के लिए संकल्पित है। बस्तर में सड़कें, पुल, स्कूल, अस्पताल और रोजगार परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे ग्रामीणों का शासन और लोकतंत्र पर विश्वास बढ़ा है।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र 24 फरवरी 2025 से आरंभ

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू होगी। इस दौरान बजट सत्र में 17 बैठकें होगी। सत्र के दौरान सरकार वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेगी। इसके लिए विधायकों ने सवाल लगाना शुरू कर दिया है। सत्तापक्ष और विपक्ष के विधायकों ने 1 हजार 862 सवाल लगाए हैं। अधितम विधायकों ने ऑनलाइन सवाल लगाए हैं। छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के लिए 943 तारांकित, 871 आतंकित सवाल लगाए गए हैं। विधानसभा का बजट सत्र हंगामों से भरा रहेगा सत्र के दौरान राज्यपाल रमेन डेका का अभिभाषण होगा।वहीं 21 मार्च को विधानसभा का बजट सत्र खत्म होगा।

## महाकुंभ मेला क्षेत्र में फिर आग लगी, एक महीने में आग की पांचवीं घटना

**प्रयागराज (एजेंसी)।** प्रयागराज महाकुंभ मेला परिसर में सोमवार दोपहर एक बार फिर आग लग गई है। सेक्टर-8 में लगी आग पर दमकल कर्मियों ने काबू पा लिया है। श्री कपि मानस मंडल और उपभोक्ता संरक्षण समिति के शिविर में आग लगी थी। दोनों शिविर में दो-दो तंबू जले हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रशांत सिंह राणा ने कहा- लगभग 3 बजे हमें टेंट में आग लगने की सूचना मिली। जिसके तुरंत बाद हमारी गाड़ियां यहां पहुंची और हमने आग पर काबू पा लिया है। खाली टेंट था, कोई जनहानि नहीं हुई है। आगे की जांच चल रही है। महाकुंभ में एक महीने में पांचवीं बार आग लगी। महाकुंभ में आज फिर जबरदस्त भीड़ है। शाम 4 बजे तक 1.08 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। प्रयागराज के सभी 7 एंट्री पॉइंट जाम हो गए हैं। भीड़ के चलते दारागंज स्थित संगम स्टेशन को 26 फरवरी तक बंद कर दिया गया है। महाकुंभ में तैनात अफसरों की ड्यूटी 27 फरवरी तक बढ़ा दी गई है।

## श्री चंद्रप्रभ् दिगंबर जैन मंदिर शंकर नगर रायपुर की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन




**रायपुर (विश्व परिवार)।** शहर के शंकर नगर स्थित श्री चंद्रप्रभ् दिगंबर जैन मंदिर मन्दिर जी की नई कार्यकारिणी का सोमवार को सर्वसम्मति से गठन हुआ जिसमें श्री जिनालय के नवीन पदाधिकारियों के रूप में अध्यक्ष श्री सनत जी जैन (चूड़ी वाले), उपाध्यक्ष- श्री अमिताभ जी जैन, श्री संदीप जैन, राजनांदगांव बने। वहीं सचिव श्री अजय जैन रेलवे, कोषाध्यक्ष श्री विजय कस्तूरे, सहसचिव श्री स्नेह जैन को चुना गया एवं नई कार्यकारिणी के सदस्य श्री पारस जैन, श्री विनय जैन, श्री मनीष जैन (एडवोकेट), श्री अनिक जैन एवं प्रसंग जैन बनाए गए। उक्त कार्यकारिणी का गठन चुनाव अधिकारी श्री अरविंद जैन पहाड़िया एवं श्री महेंद्र जैन बाँझल जी के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद मेयर-पार्षद लेंगे शपथ

### निगम सचिवालय ने कहा- एक्ट में नेता प्रतिपक्ष जैसा कोई प्रावधान नहीं

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर समेत प्रदेश के 10 नगर निगमों में मेयर और पार्षद चुन लिए गए है। लेकिन सभी के शपथ ग्रहण और चार्ज लेने में 2 हफ्ते का वक्त लगेगा। नियम के मुताबिक राज्य निर्वाचन आयोग रिजल्ट को लेकर अधिसूचना जारी करेगा और नोटीफिकेशन के 15 दिन के सभी निकायों में पार्षदों, मेयर और अध्यक्षों की एक सभा बुलाई जाएगी, उसके बाद शपथ ग्रहण किया जाएगा। पार्षदों के शपथ ग्रहण के दिन ही नगर निगम में सभापति का चुनाव होगा।

वर्तमान में रायपुर नगर निगम समेत 10 नगर निगम में कलेक्टर प्रशासक की भूमिका में हैं। मेयर और पार्षदों के शपथ ग्रहण के दिन से नगर निगम में प्रशासक की भूमिका को शासन शून्य करेगा और फिर नगर निगम में जनता की ओर से चुनी हुई सरकार कार्य करेगी।

**निगम में नेता प्रतिपक्ष का प्रावधान नहीं :** रायपुर नगर निगम में इस बार भाजपा के 60, कांग्रेस से 7 और 3 निर्दलीय पार्षद चुनकर आए है। ऐसे में नेता प्रतिपक्ष को लेकर भी राजनीतिक गलियारों में चर्चा है। नेता प्रतिपक्ष बनने के लिए कितने पार्षदों की संख्या होनी चाहिए इस संबंध में जब नगर निगम सचिवालय से दैनिक भास्कर ने बातचीत की तो उन्होंने बताया कि नगरीय निकाय के एक्ट में नेता प्रतिपक्ष नाम का कोई पद ही नहीं है। अभी तक राजनीतिक दल अपने पार्षदों के लिए एक नेता प्रतिपक्ष की घोषणा करते है। लेकिन संवैधानिक तौर पर नगरीय निकाय में ऐसी कोई मान्यता नहीं होती है।

## अमेरिका में भीषण बाढ़ और तूफान का कहर, 9 लोगों की मौत

**शिकागो (एजेंसी)।** अमेरिका के मध्यपूर्वी हिस्सों में खराब मौसम के ताजा दौर के कारण बाढ़ और तूफान ने इलाकों को तबाह कर दिया है।यहां केंटुकी में आठ लोगों सहित कम से कम नौ लोगों की जान चली गई है। गवर्नर एंडी बेशियर ने रविवार को यह जानकारी दी।

बेशियर ने चेतावनी दी कि शनिवार को तूफान शुरू होने के बाद से 1,000 से अधिक बचाव कार्य किए गए हैं और लगभग 39,000 घरों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है, यह स्थिति तूफानी हवाओं के कारण खराब हो सकती है। गवर्नर ने इसे कम से कम एक दशक में हमारे द्वारा झेली गई सबसे गंभीर मौसमी घटनाओं में से एक माना, और चेतावनी दी कि निवासी सडक् मार्गों से दूर रहें।

उन्होंने तूफान से पहले ही राज्य में आपातकाल की घोषणा कर दी और कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आपदा राहत प्रयासों के लिए उनके अनुरोध को मंजूरी दे दी है। इस बीच अमेरिका का अधिकांश हिस्सा खराब सर्दियों के मौसम के एक नए दौर की चपेट में है।

## काशी में श्रद्धालुओं का लगा तांता

**वाराणसी (आरएनएस)।** प्रयागराज में जारी महाकुंभ के बाद श्रद्धालु काशी की ओर रुख कर रहे हैं। रोजाना लाखों की संख्या में भक्त काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के लिए भी पहुंच रहे हैं। भारी भीड़ को देखते हुए वाराणसी प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। महाशिवरात्रि से पहले भीड़ बढ़ने की आशंका के चलते चौराहों, गंगा घाटों और प्रमुख मंदिरों पर पुलिस तैनात की गई है। ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है।

## छत्तीसगढ़ में डेयरी विकास से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई गति, किसानों की बढ़ेगी आय : मुख्यमंत्री

### राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मार्गदर्शन में तैयार हुआ पायलट प्रोजेक्ट, डेयरी उद्योग को मिलेगी नई दिशा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के कहा कि छत्तीसगढ़ में श्वेत क्रांति की तर्ज पर डेयरी उद्योग को सशक्त बनाने और किसानों व पशुपालकों की आय दोगुनी करने की दिशा में राज्य सरकार ने प्रभावी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन को लाभकारी व्यवसाय बनाने और प्रदेश को दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) के सहयोग से एक पायलट प्रोजेक्ट तैयार किया गया है, जिसके तहत व्यापक स्तर पर कार्य किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित बैठक में पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि दिसंबर 2024 में राज्य सरकार और NDDB के बीच हुए समझौते के बाद छत्तीसगढ़ में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हेतु तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की अधिकांश आबादी कृषि से जुड़ी है और अतिरिक्त आय के लिए पशुपालन का कार्य भी करती है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की विशेषज्ञता में तैयार पायलट प्रोजेक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार लगभग 5 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। इस योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 6 जिलों को शामिल किया गया है और सफल क्रियान्वयन के बाद इसे पूरे प्रदेश में विस्तारित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि डेयरी उद्योग के विकास से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। साथ ही, प्रदेशवासियों के पोषण स्तर में भी सुधार होगा, जिससे बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव आएगा।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के साथ-साथ, प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता में वृद्धि और सरप्लस दूध के उपयोग को लेकर ठोस कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि दूध उत्पादन से जुड़े किसानों और पशुपालकों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए ताकि वे आधुनिक तकनीकों को अपनाकर अपनी आय को बढ़ा सकें।

बैठक में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) के चेयरमैन श्री मिनिष शाह ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में प्रतिदिन 58 लाख किलोग्राम दूध का उत्पादन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य दुग्ध संघ की कार्यप्रणाली का गहन अध्ययन करने के बाद, दुग्ध उत्पादन और मार्केटिंग को बढ़ाने के लिए एक व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है।


# मंगल आगमन



चर्या शिरोमणी, श्रमणाचार्य, प.पू. आचार्य श्री 108
श्री विशुद्धसागर जी महाराज

**मंगलवार, 18 फरवरी 2025**



मुनिश्री सुयश सागर महाराज जी

मान्यवर,

हम सभी के पुण्योदय से आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावी शिष्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज संघ का रायपुर नगर आगमन हो रहा है और इसी कड़ी में 18 फरवरी 2025, दिन मंगलवार को सुबह उनका मंगल आगमन श्री सुधीर कुमार जी, रितेश कुमार जी बाकलीवाल के विशुद्ध विहार धाम में होगा।

**कार्यक्रम**

मंगल आगमन : सुबह 8 बजे
विशुद्ध विहार धाम, तरपोंगी
प्रवचन : सुबह 8.30 बजे से
आहार चर्या : सुबह 9.30 बजे से

**वात्सल्य भोज**
आहार के पश्चात उपस्थित सभी स्वजनों के भोजन की व्यवस्था बाकलीवाल परिवार की ओर से की गई है।

स्थान : ''विशुद्ध विहार धाम'',
तरपोंगी टोल नाका से पहले, ग्राम देवरी, 6, तरपोंगी, रायपुर (छ.ग.)

अतः आप सभी सपरिवार इस अवसर पर पहुंच कर पुण्य लाभ लेवे।

निवेदक : सुधीर कुमार जी, रितेश कुमार जी बाकलीवाल

दैनिक
# विश्व परिवार

रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार

रायपुर, मंगलवार 18 फरवरी 2025

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## संक्षिप्त समाचार

### पीपला फाउंडेशन ने दिया अध्यक्ष सहित सभी विजेता पार्षदों को बधाई



**आरंग ( विश्व परिवार )।** नगर के स्वयं सेवी सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन व रानी पद्मावती महिला संगठन ने नगरीय निकाय में जीते अध्यक्ष सहित सभी पार्षदों को इस बड़ी जीत पर बधाई व शुभकामनाएं दिए हैं। साथ ही समस्त ऐसे प्रत्याशी जिन्होंने चुनाव में भाग लिये और असफल रहे उन्हें मन छोटा न करते हुए नगर विकास की दिशा में मिलजुल कार्य करने की अपील किए हैं।

### वार्ड क्र. 4 एवं 5 में 21 लाख की लागत से नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने विकास कार्य प्रारंभ करवाया



**जामुल ( विश्व परिवार )।** नगर पालिका परिषद जामुल में विकास कार्यों का गति काफी तेजी से चल रहा है। इसी तारतम्य में वार्ड क्र. 04 एवं वार्ड क्र. 05 में 21 लाख रूपये की लागत से नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने विकास कार्य प्रारंभ करवाया। गौरतलब हो कि नगर पालिका जामुल में लगभग विभिन्न वार्डों में हर प्रकार के कार्य हो रहे हैं। नपा अध्यक्ष श्री ठाकुर ने बताया कि सभी प्रकार से प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति पश्चात हमारे नगर पालिका जामुल में सभी जनप्रतिनिधि गण एवं आम जनता के आवश्यकतानुसार कार्य हो रहे हैं। आज जो कार्य प्रारंभहुआ उसमें वार्ड क्र. चार में सीमेंटीकरण चार लाख रूपये के लागत से एवं वार्ड क्र. पांच में सत्रह लाल पचास हजार रूपये के लागत से नाला निर्माण होगा। उक्त कार्य प्रारंभ होने के समय पार्षद दीपक गुप्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष हेमन्त देवांगन सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

### मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमति सीमा बक्शी ने वार्ड क्र. 1 एवं 2 में सफाई कार्य का औचक निरीक्षण किया



**जामुल ( विश्व परिवार )।** नगर पालिका जामुल में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमति सीमा बक्शी ने सुबह ही वार्ड क्र. 01 एवं 02 में चल रहे सफाई कार्य का औचक निरीक्षण किया। कार्य की स्थिति को देखकर काफी नाराजगी जाहिर की और मौके पर ही फील्ड सुपरवाईजरों को जमकर फटकार लगाई और कहा कि मुलभूत कार्य किसी भी निकाय का प्रमुख कार्य है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या शिकायत बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सफाई कार्य को संबंधित प्रभारी गंभीरता से ले। साथ ही फील्ड सुपरवाईजरों को सख्त चेतावनी दी की जहां पर भी सफाई कार्य हो रहे या जिस भी वार्ड में हो संबंधित जनप्रतिनिधियों को अवगत कराये। सुबह निरीक्षण के समय फील्ड सुपरवाईजर बशीर खान, रमेश मारकण्डेय सहित सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

## शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में 36वीं वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, बलौदाबाजार में दिनांक 14.02.2025 एवं 15.02.2025 को 36 वीं वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वासु वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्जवलन कर छात्राओं को वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में बड़-चढ़ कर किस्सा लेने को कहा गया। प्राचार्य ने छात्राओं को कहा कि हमें शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए जीवन में खेल का महत्व बताया। यह केवल शारीरिक ताकत को नहीं बढ़ाता बल्कि अनुशासन, टीम वर्क, आत्मविश्वास जैसी महत्वपूर्ण क्षमताओं का विकास करता है और व्यक्तित्व को निखारता है। प्राचार्य डॉ. वासु वर्मा अपने समय में एक अच्छी एथलीक रही। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. सुलेखा राउत ने कहा कि खेलों में भाग लेने से हम अपने शरीर को स्वस्थ रखते है साथ ही मानसिक संतुलन भी बनाएं रखते है। किसी भी खेल में सफलता पाने के लिए कठोर मेहनत, समर्पण और निरंतर प्रयास की आवश्यकता रहती है। हमें जीवन में संघर्ष और सफलता की अहमियत सिखाता है। खेल से हम शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं मानसिक रूप से सशक्त और जीवन में सफलता प्राप्त करते है। वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में कुल 19 खेलों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्टॉफ विरूद्ध खिलाड़ियों के मध्य रस्सा खिंच प्रतियोगिता कराया गया जिसमें दोनों टीमों को सामुहिम रूप से ट्रॉफी प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के उपरांत विजयी छात्राओं को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। समपूर्ण जानकारी क्रीड़ा अधिकारी डॉ. सुलेखा राउत द्वारा दी गई।

## कैट के प्रदेश चेयरमेन अमर गिदवानी का नगरीय निकाय चुनाव में पार्षद निवार्चित होने पर कैट ने सम्मान किया




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्र सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट के प्रदेश कार्यालय में कैट के प्रदेश चेयरमेन श्री अमर गिदवानी जी, का नगरीय निकाय चुनाव में पार्षद निवार्चित होने पर कैट ने स्वागत सम्मान किया गया।

कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि कैट के प्रदेश चेयरमेन श्री अमर गिदवानी जी, का नगरीय निकाय चुनाव में पार्षद निवार्चित होने पर कैट ने साल एवं श्रीफल से स्वागत सम्मान किया गया। उन्होनें आगे बताया कि श्री गिदवानी जी वार्ड क्रमांक 57 पंडित भगवती चरण शुक्ल वार्ड से पार्षद निर्वाचित हुए है। कैट टीम श्री गिदवानी जी को हार्दिक शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

उपरोक्त कार्यक्रम में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी जितेन्द्र दोशी, सुरिन्द्र सिंह, राकेश ओचवानी, जयराम कुकरेजा, अवनीत सिंह, विजय पटेल, संजय जयसिंघ, नागेन्द्र तिवारी, दीपक विधानी, शैलेन्द शुक्ला, तेज कुमार बजाज, राजा खाखरा एवं मनीष जैन आदि उपस्थित रहे।

## श्री दावड़ा विश्वविद्यालय के पहले वार्षिकोत्सव का आज नया रायपुर में भव्य आयोजन




**नया रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री दावड़ा विश्वविद्यालय 18 फरवरी 2025 को नया रायपुर स्थित अपने परिसर में भव्य कार्यक्रम के साथ पहले वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की जानी-मानी हस्तियाँ शामिल होंगी।

पूर्व मिसेज वर्ल्ड और जानी-मानी अभिनेत्री, मॉडल और मनोवैज्ञानिक डॉ. अदिति गोवित्रीकर मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर पर उपस्थित रहेंगी। अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू गेस्ट ऑफ ऑनर होंगे। डिजिटल प्लेटफॉर्म और युवाओं में लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अमृता कुशवाह, रितिका यादव, दिलीप कुमार और पूजा साहू सहित प्रमुख सोशल मीडिया प्रभावशाली लोगों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है।

श्री दावड़ा विश्वविद्यालय के संस्थापक एवं सीईओ श्री चिन्मय दावड़ा और विवि महानिदेशक डॉ. चार्मी दावड़ा ने कार्यक्रम की सफलता के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम, एवं तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव के विविध प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जायेंगे।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री कुमार श्वेताभ एवं मुख्य परीक्षा नियंत्रक डॉ. वरूण गंजीर ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया एवं प्रबंध के लिए सभी संकायों एवं विवि प्रशासन शुभकामनाएं ज्ञापित की है।

## स्वामी रामकृष्ण परमहंस की जयंती पर मुख्यमंत्री साय ने किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने त्याग और तपस्या की प्रतिमूर्ति स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी की 18 फरवरी को जयंती पर उन्हें सादर नमन किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वामी रामकृष्ण परमहंस भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना के दैदीप्यमान प्रकाश स्तंभ थे।

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

बिलासपुर मण्डल — Annexure-A

**कार्य विवरण:- खरसिया रेलवे स्टेशन पर , 2 पहिया, 4 पहिया एवं पीसीसीवी वाहनों की पार्किंग के निविदा आवंटन हेतु ई-नीलामी**

खरसिया रेलवे स्टेशन पर दो पहिया, चार पहिया एवं पीसीसीवी के पार्किंग स्टैंड के ठेके के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की गई है। । कैटेलॉग पहले ही IREPS वेबसाइट (https://ireps.gov.in) पर प्रकाशित की जा चुकी है। विवरण निम्मानुसार है:-

| कैटेलॉग क्र. | श्रेणी | नीलामी दिनांक एवं समय | लॉट क्रमांक | लॉट विवरण | अनुबंध अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| PARK-MX - 25-2 | (पार्किंग-मिश्रित) | 20.02.25 12:00:00 | PARKING-BSP-KHS-MX- 6-24-1 | खरसिया रेलवे स्टेशन के परिचालित छेत्र में दो पहिया, चार पहिया एवं पीसीसीवी टैक्सी/टेम्पो/ऑटो/ मिनी बस/(कार)वाहनों के लिए पार्किंग स्थल । | 1095 दिन |

सहायक वाणिज्य प्रबंधक (गुड्स)
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/AM/502

South East Central Railway @secrail

## जिला प्रशासन की टीम ने एक दिन में रुकवाये दो बाल विवाह



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी टी जाटवर के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग के बाल संरक्षण इकाई जिले में बाल विवाह रोकने हेतु सक्रिय है। सूचना मिलते ही टीम तुरंत मौके पर जा कर छानबीन करती है और सूचना सही पाये जाने पर समझाईस की कार्यवाही की जाती है। शुक्रवार को सूचना मिली कि पलारी विकासखंड के ग्राम दतान एवं कौवाडीह में बाल विवाह हो रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी के त्वरित कार्यवाही के निर्देश पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास के नेतृत्व में जिला बाल संरक्षण इकाई, चाईल्ड लाईन, एकीकृत बाल विकास परियोजना एवं पुलिस थाना पलारी की संयुक्त टीम गांव गई जहॉ मौके पर शैक्षणिक दस्तावेजो का निरीक्षण करने पर शिकायत सही पाई गई। मौके पर विवाह के कार्यक्रम किये जा रहे थे जिसे संयुक्त टीम ने रुकवाया।

## निगम द्वारा गोकुल नगर व्यवस्थापन के तहत 71 हितग्राहियों से मंगवाया आवेदन

**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत पुलगांव स्थित वार्ड कमांक 54 में गोकुल नगर योजना व्यवस्थापन के तहत् भूखण्ड आबंटन किया जाना प्रस्तावित है।इसको लेकर नगर निगम ने जिला शहरी विकास अभिकरण दुर्ग द्वारा अनुमोदित सूची में नाम दर्ज है।नगर निगम के डाटा सेंटर में दिनांक 19 फरवरी दिन बुधवार को समय दोपहर 2 बजे सर्वे किये गए हितग्राहियों के समक्ष लाटरी निकाली जावेगी.71 लोगों का सर्वे किया गया है एवं सर्वे हितग्राहियों से आवेदन मंगाया गया है।रिक्त भूखंडों के लिए लाटरी निकाली जावेगी.

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र. /18258/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 17-02-2025

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 18258**
**वार्ड का नाम- 01 - वीर सावरकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 01 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801P00132** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ASHOK KUMAR RAICHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PRABHUDAS RAICHA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SONALI SHUKLA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ABHAY KUMAR SHUKLA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र. /18249/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 17-02-2025

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 18249**
**वार्ड का नाम- 01 - वीर सावरकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 01 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801O00122** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SANTOSH MOHAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DAYANAND PANDEY** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ARUN KUMAR YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMKRIPAL YADAV** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र. /18248/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 17-02-2025

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 18248**
**वार्ड का नाम- 01 - वीर सावरकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 01 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801O00121** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SANTOSH MOHAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DAYANAND PANDEY** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **VINOD YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMFER YADAV** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./16253/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 23-12-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 16253**
**वार्ड का नाम- 50 - रानी दुर्गावती वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445O00094** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KUSUM KALVIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **....** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. RAVI COLVIN 2. ISHA NIRMAL DAS 3. NIDHI MORISHA COLVIN 4. DISHA COLVIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O LT. J.M. COLVIN AND D/O RAVI COLVIN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **MRITYU PRAMAAN PATRA, SAPATH PATRA SAHMATI PATRA** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./15807/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 23-11-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 15807**
**वार्ड का नाम- 50 - रानी दुर्गावती वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445A00130** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VINOD KUMAR SHAMDASANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. ASUDAMAL SHAMDASANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DR. SANDHYA SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O DR. KRISHNAKANT SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./15873/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 11-12-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 15873**
**वार्ड का नाम- 50 - रानी दुर्गावती वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445O00117** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAJKUMAR SHRIVAS , SHIKHA SHRIVAS** पिता/पति, श्री/श्रीमती **B.R.SHRIVAS, RAJKUMAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. PREETI PREMCHANDANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O LT. RAMCHAND PREMCHANDANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone1@gmail.com**

पत्र क्र./16129/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2025
रायपुर, दिनांक 11-12-2024

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 16129**
**वार्ड का नाम- 05 - बंजारी माता मंदिर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 05 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR105G00113** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **K. KURAIYYA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KAMRAIYYA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **के. चलपत राव** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHRI K. KURRAIYA RAO** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone1@gmail.com**

पत्र क्र./17914/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2025
रायपुर, दिनांक 13-02-2025

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 17914**
**वार्ड का नाम- 16 -वीर शिवाजी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107J00196** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DROPATI BAI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. SHRIRAM BANSODE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MANOJ KUMAR BANSODE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE SHRIRAM BANSODE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **SAHMATI PATRA** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone1@gmail.com**

पत्र क्र./17917/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2025
रायपुर, दिनांक 13-02-2025

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 17917**
**वार्ड का नाम- 16 -वीर शिवाजी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107J0196A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT DROPATI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. SHRIRAM BANSODE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT VIDHYA KISHORE BANSODE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE SHRI KISHORE BANSODE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **SAHMATI PATRA** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone1@gmail.com**

पत्र क्र./18107/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2025
रायपुर, दिनांक 13-02-2025

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 18107**
**वार्ड का नाम- 15 -ने. कन्हैया लाल बाजारी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 15 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR108F00185** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SANTOSH SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHIV PRASAD SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHRI VEDPRAKASH DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHRI UMARCHAND DEWANGAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र. /18250/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 17-02-2025

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 18250**
**वार्ड का नाम- 01 - वीर सावरकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 01 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801Q00138** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ASHISH SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHREKANT SHARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MANGLA SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SUKHDAYAL SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

सूरजपुर

रायपुर मंगलवार 18 फरवरी 2025



## संक्षिप्त समाचार

### माध्यमिक शाला पतरापाली में पुलवामा आतंकी हमले में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** विकासखंड रामानुजनगर के माध्यमिक शाला पतरापाली में आज आज पुलवामा आतंकी हमले में शहीदो को श्रद्धांजलि दी गयी। विद्यालय की अनीता सिंह ने बच्चों को बताया कि छह साल पहले, 14 फरवरी 2019 को दोपहर करीब 3 बजे, जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में एक ऐसा आतंकी हमला हुआ जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। जैश-ए-मोहम्मद के आत्मघाती हमलावर आदिल अहमद डार ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी से सीआरपीएफ के काफिले पर हमला किया था। इस हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए थे। इस घटना ने भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में और तनाव बढ़ा दिया था, क्योंकि इस हमले के पीछे पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन का हाथ था। हमले के दिन, जम्मू से श्रीनगर जा रहे सीआरपीएफ के काफिले में 78 बसें थीं, जिनमें लगभग 2500 जवान सवार थे। अचानक, पुलवामा जिले के अवंतीपोरा। इलाके में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी ने विस्फोटकों से लदी कार को काफिले की एक बस से टकरा दिया। टक्कर होते ही जबरदस्त धमाका हुआ, जिससे बस के परखच्चे उड़ गए। धमाके की गूंज दूर-दूर तक सुनाई दी और चारों ओर धुआं और मलबा फैल गया। इस दिन को हमारे देश भारत में काला दिवस के रूप में मनाते हैं। सभी बच्चों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर अपनी संवेदना व्यक्त की।

### शराब बेचते पकड़ाई महिला

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** जिले की डोंगरगांव थाना पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से 70 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त किया गया है। मामले में आरोपी महिला के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। बता दे कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन में थाना डोंगरगाव पुलिस के द्वारा आपराधिक तत्वों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में दिनांक 13.02.25 को थाना डोंगरगांव पुलिस के द्वारा 01 शराब तस्कर पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करने में सफलता मिली है । ज्ञात हो कि थाना डोंगरगांव को सूचना मिली थी कि ग्राम आरी डोंगरगांव के पास अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री की जा रही है। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के दिशा निर्देश एवं पुलिस अनुविभागयी अधिकारी डोंगरगांव के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी डोंगरगांव,निरीक्षक अवनिश कुमार श्रीवास के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित कर कार्यवाही हेतु रवाना किया गया था। उक्त टीम के द्वारा ग्राम आरी में महिला आरोपियों से अपने के घर के सामने ग्राम आरी पास रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही के दौरान मौके पर आरोपिया के द्वारा अवैध शराब बिक्री करते पाया गया तथा उसके पास से 70 पौवा रोमियो देशी मदिरा प्लेन शराब मिला जिसे जब्त कर महिला के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही किया गया है।

### शादी समारोह के दौरान युवक की संदिग्ध मौत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** मानिकपुर चैकी क्षेत्र के हेलीपैड मुख्य मार्ग पर स्थित ब्राह्मण भवन में शनिवार शाम को चल रहे हल्दी रस्म के दौरान एक युवक की रहस्यमयी मौत की घटना ने सबको चैका दिया। शादी समारोह के दौरान, एक अज्ञात युवक नशे की हालत में कार्यक्रम में प्रवेश करता दिखाई दिया। समारोह की हलचल जारी रहने के बीच, अगली सुबह भवन की दीवार के पास युवक का शव पाया गया। जांच में मृतक की पहचान मुड़ापार निवासी अभिषेक श्रीवास (26) के रूप में हुई, जो टेंट हाउस में मजदूर के रूप में कार्य करता था।

### पोते ने की अपनी दादी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**पेंड्रा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां एक पोते ने अपनी ही दादी की हत्या कर दी। यह घटना मरवाही थाना क्षेत्र के पथरी गांव में हुई, जहां पोते और दादी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। गुस्से में आकर पोते ने अपनी दादी को मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद परिवार में हड़कंप मच गया और पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी पोते को गिरफ्तार कर लिया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच में जुट गई है। इस घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है और पूरे परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है और इस भयावह हत्याकांड के पीछे के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

## उचित मूल्य दुकान का चोरी राशन खरीदने वाले 5 आरोपियों को रामानुजनगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**2 लाख 51 हजार 900 रूपये की सम्पत्ति किया जप्त**

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने थाना प्रभारियों को चोरी की वारदात पर अंकुश लगाने एवं सूचना तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए थे। थाना रामानुजनगर क्षेत्र के शासकीय उचित मूल्य दुकान को निशाना बनाकर सिलसिलेवार चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों तथा चोरी का माल खरीदने वाले कुल 5 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर 2 लाख 51 हजार 900 रूपये की सम्पत्ति जप्त किया है।

आज पस्ता निवासी भुजेश प्रजापति ने थाना रामानुजनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान पस्ता का ताला तोड़कर अज्ञात चोर के द्वारा 60 बोरी चावल चोरी कर ले गया है। दूसरे मामले में ग्राम दुर्गापुर निवासी रामजीत मरकाम ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि गांव के शासकीय उचित मूल्य दुकान का चैनल गेट तोड़कर 64 बोरी चावल, 4 क्विंटल शक्कर चोरी कर ले गए। दोनों मामले की रिपोर्ट पर 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

थाना रामानुजनगर पुलिस इन दोनों मामलों की विवेचना में लगी थी इसी बीच सूचना मिला कि ग्राम परशुरामपुर के सोसायटी में चोरी हुआ है पुलिस मौके के लिए रवाना हुई तब रास्ते में ग्राम कोट में एक छोटा हाथी पंचर हालत में सड़क किनारे चावल बोरी लोड़ हालत में मिला। आसपास के लोगों से पूछताछ पर जानकारी मिला कि इस वाहन से ड्राईवर सहित 3 लोग भागे है, पुलिस के द्वारा वाहन एवं चावल को थाना लाया गया। परशुरामपुर सोसायटी से 26 क्विंटल चावल चोरी होने की रिपोर्ट मुनफ्त खान ने रिपोर्ट दर्ज कराया।

चावल लोड़ छोटा हाथी के वाहन स्वामी से ड्राईवर के बारे में पूछताछ करने पर राज सिंह उर्फ छोटू को गाड़ी चलाना बताया जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर राज उर्फ छोटू को पकड़ा। पूछताछ पर इसने बताया कि अपने साथी मोहित सिंह, मनबहादूर बसोर, कमलभान सोनवानी व 1 अन्य के साथ मिलकर ग्राम पस्ता, दुर्गापुर एवं परशुरामपुर के उचित मूल्य दुकान से खाद्यान सामग्री चोरी करना और चोरी का माल सूरजपुर के चिटकाहीपारा मानपुर के विमलेश साहू को बिक्री करना बताया।

पुलिस टीम ने दबिश देकर मोहित, मनबहादूर बसोर, कमलभान व विमलेश साहू को पकड़ा गया जिन्होंने अपना जुर्म कबूल किया। मामले में पुलिस के द्वारा 26 क्विंटल चावल कीमत करीब 40 हजार रूपये, नगदी 11900 रूपये, एक लोहे का सब्बल, परिवहन में प्रयुक्त छोटा हाथी वाहन क्रमांक सीजी 29 एसी 4366 कीमत करीब 2 लाख कुल 2 लाख 51 हजार 900 रूपये का जप्त कर आरोपी राज सिंह उर्फ छोटू पिता जवाहीर सिंह उम्र 26 वर्ष ग्राम पोड़ी सुरता, हाल मुकाम तुरियापारा मानपुर सूरजपुर, मोहित सिंह राजपूत पिता बब्बू उम्र 19 वर्ष निवासी तुरियापारा मानपुर सूरजपुर 3,मनबहादूर बसोर पिता करन बहादूर उम्र 25 वर्ष निवासी तुरियापारा मानपुर, 4, कमलभान सोनवानी पिता सोनू उम्र 26 वर्ष निवासी शिवप्रसादनगर, चौकी बसदेई 5 विमलेश साहू पिता बृजलाल साहू उम्र 32 वर्ष निवासी चिटकाहीपारा मानपुर, थाना सूरजपुर को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रामानुजनगर राजेन्द्र साहू, एएसआई मनोज पोर्ते, प्रधान आरक्षक महेन्द्र सिंह, आरक्षक कौशलेन्द्र सिंह, देवान सिंह, सुधारन गिद्ध व दीपक यादव सक्रिय रहे।

## सूरजपुर जिला में छीट पुट घटनाओं के बीच हुआ मतदान

**मतदान का प्रतिशत 70त्न रहा मतदान करने में पुरुषों से आगे निकली महिलाएं**

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )-**सूरजपुर जिला में सूरजपुर एवं भैया थान विकास खंडों में त्रिस्तरीय चुनाव में छिटपुट घटनाओं के बीच 70 प्रतिशत मतदान हुआ, इन दोनों विकास खंडों में महिलाओं ने पुरुषों से ज्यादा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

जानकारी केअनुसार सूरजपुर विकासखंड का मतदान पर नजर डाले तो कुल प्रतिशत- 70 प्रतिशत मतदान रहा।

पुरुष- 66.87 प्रतिशत,महिला 72.49 प्रतिशत मतदान की पुरुषों से ज्यादा महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपने मताधिकार का उपयोग किया। भैयाथान विकासखंड का मतदान प्रतिशत 53.82 प्रतिशत रहा

पुरुषों ने53.57 प्रतिशत

तथा महिलाओं ने महिला- 54.06 प्रतिशत मतदान किया।

सूरजपुर और भैयाथान दोनों विकासखंड का मतदान प्रतिशत 63.63 प्रतिशत,पुरुष- 61.73 प्रतिशत महिला- 65.48 प्रतिशत मतदान करने का समाचार है अंतिम रिपोर्ट आने तक सूरजपुर एवं भैयाथान विकासखंड क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों पर मतदान चल रहा है। लाइन में लगे लोगों को टोकन दिया गया है। पर परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार को बंद कर दिया गया है। निर्धारित 3 बजे तक अंदर आने वाले सभी मतदाताओं को मतदान कराया जा रहा है। समाचार लिखा है लिखे जाने तक दोनों विकास करो में लगभग 70त्न मतदान होने की समाचार है।

## जो कबीरा काशी में मरिहें, रामहिं कौन निहोरा-स्वामी निश्चलानंद सरस्वती

**कवर्धा(विश्व परिवार)।** पुरी पीठ के श्रीमज्जगदुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानंद सरस्वती जी महाभाग अपने चार दिवसीय हिंदूराष्ट्र अभियान कार्यक्रम में कवर्धा प्रवास पर हैं। इस दौरान यूनियन चौक में आयोजित उनके हिंदू राष्ट्र संगोष्ठी में कबीर पंथ के नवोदित वंशाचर्य श्री उदितमुनिनाम साहब अपने सैकड़ों अनुयायियों के साथ सम्मिलित हुए । उन्होंने जगद्गुरु शंकराचार्य का अभिनंदन किया एवं उन्हें दामाखेड़ा आमंत्रित किया। उल्लेखनीय है कि महाकुंभ के दौरान भी तीर्थराज प्रयाग में श्री उदितमुनि नाम साहब ने जगत गुरुशंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानंद सरस्वती जी महाभाग के शिविर में जाकर में जाकर उनका अभिनंदन किया था। संगोष्ठी के दौरान जगतगुरु शंकराचार्य जी ने अपने प्रवचन के माध्यम से कबीर साहब के पदों को उद्धृत कर उनके संदेशों को समाज के लिए महत्वपूर्ण बताया । इसके पहले सरदार पटेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भी सैकड़ो की संख्या में कबीर पंथ के अनुयायियों के द्वारा जगतगुरु शंकराचार्य जी का अभिनंदन किया गया था तथा वह धर्म सभा में सम्मिलित हुए थे इस अवसर पर जगतगुरु शंकराचार्य जी ने कहा कि कबीर दास जी ने जो कबीरा काशी में मरिहें, रामहिं कौन निहोरा के माध्यम से काशी की महिमा को स्थापित किया और साथ ही उन्होंने राम जी की महिमा को भी स्थापित किया। शंकराचार्य जी ने आगे कबीर जी के पदों का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरु गोविंद दोउ खड़े काके लागू पाय के माध्यम से कबीर जी ने भगवान को सगुण साकार भी सिद्ध किया। उन्होंने आगे कहा कि आज कबीर जी के कृतियों को ठीक ढंग से पढ़ने की आवश्यकता है कबीर जी के पदों ने हमेशा से समाज का मार्गदर्शन किया है। उन्होंने कबीर पंथ के नवोदित वंशाचार्य श्री उदित मुनि नाम साहब द्वारा दामाखेड़ा पधारने हेतु आमंत्रण दिए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### भतीजे ने अपने नाबालिग साथियों के साथ मिलकर की बुआ की हत्या

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** न्यायधानी बिलासपुर में नशे की लत को छुड़ाने के लिए फटकारने पर भतीजे ने अपनी बुआ की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर आरोपी ने मृतिका के सोने की माला बेचकर दोस्तों के साथ शराब पार्टी की। पुलिस ने तीन नाबालिग समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूरा मामला बिल्हा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक मुख्य आरोपी नाबालिग भतीजा नशे की लत के चलते अक्सर घर में फटकार का सामना करता था। बुआ की डांट-फटकार से नाराज होकर उसने हत्या की योजना बनाई। 9 फरवरी को आरोपी ने धारदार हथियार से मृतका के सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी. हत्या के बाद आरोपी ने मृतका के गले से सोने की तीन पत्ती वाली माला निकालकर उसे बेच दिया। माला बेचने से मिली रकम से उसने मोबाइल खरीदा और नाबालिग दोस्तों के साथ शराब पार्टी की। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार, सोने की तीन पत्ती माला और अपराध में उपयोग की गई बाइक को जप्त कर लिया है।

## त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन : के प्रथम चरण की मतदान के दौरान कलेक्टर एवम एस पी ने किया मतदान केंद्रों करते रहे दौरा

**गोपाल सिंह विद्रोही**

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)-** आज त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के प्रथम चरण के मतदान कार्यक्रम के तहत सूरजपुर और भैयाथान विकासखंड क्षेत्र में मतदान किया जा रहा है। इस दौरान मतदान की स्थिति और सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था का जायजा लेने के लिए कलेक्टर एस जयवर्धन एवम पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने भैयाथान विकासखंड का द्वारा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मतदान केंद्रों का जायजा लिया एवम दोनों विकासखंड के सभी मतदान केंद्रों में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करवाने के सख्त निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम भैयाथान श्री सागर सिंह सहित विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर एवम एसपी ने अपने दौरे में प्राथमिक शाला जूनापारा सिरसी ,भैयाथान ग्राम पंचायत के हर्रा पारा मिडिल स्कूल मतदान क्रमांक 26, जमड़ी प्राथमिक शाला मतदान केंद्र का दौरा किया । जमड़ी प्राथमिक शाला मतदान केंद्र में उन्होंने वरिष्ठ मतदाता 71 वर्षीया श्यामा देवी से बातचीत किया। इसके अलावा उन्होंने यहां के युवा मतदाताओं से बातचीत कर मतदान के उनके अनुभव को जाना और सभी युवाओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कहा।

## बाइक पर बैठ पति के साथ मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े पहुंची मतदान केंद्र लाइन में लगकर किया मतदान

**मंत्री का साधारण व्यवहार लोगों को खूब भाया की भूरि भूरि प्रशंसा**

**गोपाल सिंह विद्रोही**

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )-**महिला विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े साधारण महिला की तरह अपने पति के साथ मोटरसाइकिल से मतदान केंद्र पहुंची और दोनों पति-पत्नी अपना मताधिकार का उपयोग किया ।इसकी खबरें सोशल मीडिया एवं आम जनों के बीच चर्चा का विषय बना रहा, लोगों ने मंत्री का तारीफ करते नहीं थक रहे थे।

जानकारी के अनुसार आज त्रिस्त्री स्तरीय पंचायती चुनाव में के दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश के महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े अपने पति ठाकुर राजवाड़े के साथ बाइक पर सवार होकर साधारण व्यक्ति की तरह अपने घर से मतदान करने निकली और सीधे ग्राम पंचायत वीरपुर के प्राथमिक शाला मतदान केंद्र क्रमांक तीन चार पांच पर पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। पति ठाकुर राजवाड़े भी अपने मताधिकार का उपयोग किया। पति-पत्नी दोनों सामान्य मतदाताओं की तरह अलग-अलग लाइन में लगकर अपने मताधिकार का उपयोग किया जिसकी चर्चा लोगों के बीच में खूब रही यही नहीं सोशल मीडिया पर भी खूब लोगों ने मंत्री का भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कमेंट्स किया और लिखा की कोई भी जनप्रतिनिधि जनता के बीच से होकर साधारण से असाधारण बनता है व्यक्ति का व्यक्तित्व ही उसे निखारता है। बिना सुरक्षा एवं ताम झाम के बीच सामान्य व्यक्ति की तरह साधारण मतदाताओं के साथ पंक्ति में लग कर अपने मताधिकार का उपयोग करता है ऐसे कम ही लोग देखने को मिलते है ।आज मंत्री लक्ष्मी जी ने दिया कि हम कल भी आपके बीच थे आज भी आपकी बीच है और कल भी रहेंगे । इस संबंध में मंत्री से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का उत्सव है मतदान करना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। मतदान से ही लोकतंत्र मजबूत होता है हर मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए। बहरहाल मंत्री का यह प्रशंसनीय कदम को हर कोई सराह रहा है।

## संपादकीय

# भ्रष्टाचार मिटाने को जिम्मेदारी तय हो....

योगेंद्र योगी

इसके बावजूद एक के बाद एक भ्रष्टाचार के मामले सामने आते रहते हैं, पर कोई राजनीतिक दल यह दावा नहीं करता कि उनके शासित राज्य से भ्रष्टाचार पूरी तरह समाप्त हो चुका है। राज्य तो दूर की बात है, बल्कि किसी दल में इतना भी साहस नहीं है कि यह कह सके कि कोई एक विभाग पूरी तरह भ्रष्टाचार से मुक्त है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में कहा था कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए एजेंसियों को खुली छूट दे दी है और इसमें सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार एक दीमक है जिसने देश को खोखला कर दिया है और वह देश को इस बुराई से मुक्त करने के लिए पूरे मनोयोग से काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के इस दृढ़निश्चय के बावजूद भारत में भ्रष्टाचार कैंसर की तरह फैलता जा रहा है। केंद्र की भाजपा सरकार हो या राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें, सभी भ्रष्टाचार के विरुद्ध बड़े दावे-वादे करती रही हैं, किंतु यह समस्या सुरसा के मुंह की तरह विकराल होती जा रही है। करप्शन परसेप्शन इंडेक्स-2024 की भ्रष्टाचार की सूची वाले देशों में भारत 96वें पायदान पर पहुंच गया है। साल 2023 में भारत की रैंक 93 थी। भारत इस सूची मे पड़ोसी देशों की ज्यादा बुरी हालत पर कुछ राहत महसूस कर सकता है। भ्रष्टाचार की इस सूची में भारत के पड़ोसी देशों में पाकिस्तान 135 नंबर पर और श्रीलंका 121 पर हैं, जबकि बांग्लादेश की रैंकिंग और भी नीचे 149 पर चली गई है। इस लिस्ट में चीन 76वें स्थान पर है। डेनमार्क सबसे कम भ्रष्ट राष्ट्र होने की सूची में सबसे ऊपर है, उसके बाद फिनलैंड और सिंगापुर हैं। 1995 से 2024 तक भारत में भ्रष्टाचार की औसत दर 78.03 रही, जो 2024 में 96.00 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई और 1995 में 35.00 के रिकॉर्ड निम्नतम स्तर पर पहुंच गई थी। भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक यानी सीपीआई दुनिया में सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली वैश्विक भ्रष्टाचार रैंकिंग है। यह मापता है कि विशेषज्ञों और व्यवसायियों के अनुसार प्रत्येक देश का सार्वजनिक क्षेत्र कितना भ्रष्ट है। प्रत्येक देश का स्कोर 13 विभिन्न भ्रष्टाचार सर्वेक्षणों और आकलनों से प्राप्त कम से कम 3 डेटा स्रोतों से लिया जाता है। ये सोर्स विश्व बैंक और विश्व आर्थिक मंच सहित विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा एकत्र किए जाते हैं। सीपीआई की गणना करने की प्रक्रिया की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जारी की जाने वाली सूची यथासंभव मजबूत और सुसंगत है या नहीं? भारत में विदेशी निवेश अपेक्षाकृत नहीं आने का एक प्रमुख कारण भ्रष्टाचार है। भ्रष्टाचार के कारण भारत की अंतरराष्ट्रीय साख कमजोर है। विदेशी कंपनियां यहां निवेश करने से कतराती हैं। देश के उद्योगपति और लघु व मध्यम व्यवसायी इसकी मार से बच नहीं सके हैं। भारत एक तरफ वैश्विक ताकत बनने की दिशा में अग्रसर है, वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचार की जंजीर इसके बढ़ते कदम को रोक रही है। ऐसा देश का शायद ही कोई चुनाव होगा जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने भ्रष्टाचार का जिक्र नहीं किया हो। मोदी ने लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव के दौरान भ्रष्टाचार पर प्रहार करने में कसर बाकी नहीं रखी। संसद में दिए गए भाषण में उन्होंने कहा था कि मेरे लिए भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई चुनावी जीत या हार के पैमाने पर नहीं है। मैं चुनाव जीतने या हारने के लिए भ्रष्टाचार से नहीं लड़ रहा हूं। यह मेरा मिशन है, मेरा विश्वास है। मेरा मानना है कि भ्रष्टाचार एक ऐसा दीमक है जिसने देश को खोखला कर दिया है। मैं इस देश को भ्रष्टाचार से मुक्त करने और आम लोगों के मन में भ्रष्टाचार के खिलाफ नफरत पैदा करने के लिए पूरे दिल से काम कर रहा हूं। प्रधानमंत्री के देश से पूरी तरह भ्रष्टाचार के खात्मे के प्रति प्रतिज्ञा लेने के बावजूद यदि यह संक्रामक रोग की तरह बढ़ता ही जा रहा है, तो इसके लिए ज्यादातर राजनीतिक दल जिम्मेदार हैं। क्षेत्रीय दलों की हालत यह है कि उनका एकमात्र मकसद किसी भी हालत में सत्ता में बने रहना है। इसके लिए बेशक भ्रष्टाचार से किसी भी हद तक समझौता क्यों न करना पड़े। यही वजह रही है कि इंडिया गठबंधन लगातार चुनावों में शिकस्त खाता रहा है। आश्चर्य यह है कि लोकसभा चुनावों और राज्यों के विधानसभा चुनावों में करारी हार के बावजूद विपक्षी दलों ने भ्रष्टाचार को कभी भी प्रमुख चुनावी मुद्दा नहीं बनाया। भ्रष्टाचार को लेकर हालात ये हैं कि जैसे ही कोई भी विपक्षी दल भ्रष्टाचार का जिक्र करता है, तत्काल सत्तारूढ़ दल न सिर्फ उसके बचाव में उतर आता है, बल्कि विपक्षी दल के कारनामे गिनाने लगता है। यही वजह है कि क्षेत्रीय दल अपने राज्यों में मनमानी करने पर आमदा हैं। यदि केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय कोई कार्रवाई करता है, तो राज्य के सत्तारूढ़ दल इसे बदले की कार्रवाई करार देने लगते हैं। इसका उदाहरण पश्चिमी बंगाल की ममता बनर्जी सरकार, तमिलनाडु की स्टालिन सरकार और कर्नाटक की सिद्धारमैया की सरकार है। इतना ही नहीं, राजनीतिक दलों का भरसक प्रयास होता है कि अदालतों में चल रहे भ्रष्टाचार के मामलों को भी प्रभावित किया जाए। गौरतलब है कि सीनियर वकील हरीश साल्वे सहित देश के 600 से ज्यादा वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर न्यायपालिका पर सवाल उठाने को लेकर चिंता जाहिर की थी। सीजेआई को लिखी चिट्ठी में वकीलों ने कहा था कि ये समूह न्यायिक फैसलों को प्रभावित करने के लिए दबाव की रणनीति अपना रहा है और ऐसा खासकर सियासी हस्तियों और भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़े मामलों में हो रहा है। चिट्ठी में कहा गया है कि ये समूह ऐसे बयान देते हैं जो सही नहीं होते हैं और ये राजनीतिक लाभ के लिए ऐसा करते हैं। अपनी चिट्ठी में वकीलों ने ऐसे कई तरीकों पर प्रकाश डाला है, जिनमें न्यायपालिका के तथाकथित 'स्वर्ण युग' के बारे में झूठी कहानियों का प्रचार भी शामिल है। न्यायपालिका तक को प्रभावित करने के प्रयासों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत में भ्रष्टाचार किस हद तक व्याप्त है। देश की भ्रष्टाचार में रैंकिंग बेशक बढ़ रही हो, इसके बावजूद विगत चुनावों में भाजपा अकेली पार्टी रही, जिसने भ्रष्टाचार के खात्मे की बात कही। अन्य दल तो इस मुद्दे पर चर्चा करने तक से कतराते हैं। विपक्षी दलों ने केंद्र के सत्तारूढ़ दल को भ्रष्टाचार में लपेटने की कई बार नाकाम कोशिश की है, चाहे वह मुद्दा युद्धक विमान राफेल की खरीद का हो या अडानी ग्रुप से जुड़ा हुआ हो। विपक्षी दल सुप्रीम कोर्ट तक में भ्रष्टाचार के मामले को ले गए, पर इसे साबित नहीं कर पाए। ऐसा भी नहीं है कि भाजपा भ्रष्टाचार को लेकर दूध की धुली है। भाजपा का दामन थामने वाले विपक्षी दलों के नेताओं के ऐसे मामलों को नजरअंदाज किया जाता रहा है। इसके अलावा केंद्र में भाजपा अकेले अपने बलबूते सत्ता में नहीं है, ऐसे में गठबंधन के सहयोगी दलों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से मुंह फेरे रहती है। यही वजह रही है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से इन सहयोगी दलों के खिलाफ एक भी कार्रवाई नहीं की गई। कोई भी एजेंसी जब किसी राज्य या विभाग में भ्रष्टाचार का मामला पकड़ती है, तब इस गुनाह पर पर्दा डालने के लिए यही दलील दी जाती रही है कि भ्रष्टाचार को मिटाना है। इसके बावजूद एक के बाद एक भ्रष्टाचार के मामले सामने आते रहते हैं, पर कोई राजनीतिक दल यह दावा नहीं करता कि उनके शासित राज्य से भ्रष्टाचार पूरी तरह समाप्त हो चुका है। राज्य तो दूर की बात है, बल्कि किसी दल में इतना भी साहस नहीं है कि यह कह सके कि कोई एक विभाग पूरी तरह भ्रष्टाचार से मुक्त है। फिर विभाग चाहे केंद्र सरकार के हों या राज्यों के। यह निश्चित है कि भ्रष्टाचार इस देश से तब तक नहीं मिटेगा, जब तक नेताओं की कथनी और करनी में अंतर रहेगा।

## मस्क और ट्रंप राष्ट्रपति डोनाल्ड को बड़ा झटका

अमेरिकी अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नीति विभाग की संवेदनशील जानकारी हासिल करने पर रोक लगा दी है। संघीय न्यायाधीश ने पूंजीपति एलन मस्क नीति सरकारी दक्षता विभाग को वित्त विभाग के रिकार्ड हासिल करने पर रोक लगाई जिसमें लाखों अमेरिकियों की सामाजिक सुरक्षा व बैंक खाता संबंधी संवेदनशील जानकारी व डेटा शामिल हैं। यह आदेश उन्नीस डेमोक्रेटिक अटॉरनी जनरलों द्वारा ट्रंप पर दायर किये गये मुकदमे के बाद जारी किया। एक अन्य संघीय अदालत ने अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी के हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकाले जाने के आदेश पर अस्थाई रोक लगा दी। अदालत का कहना है कि ट्रंप प्रशासन ने संघीय कानून का उल्लंघन करते हुए मस्क की टीम को वित्त विभाग की केंद्रीय भुगतान प्रणाली तक पहुंचने की अनुमति दी जिसके तहत रिफंड, सामाजिक सुरक्षा लाभ, पूर्व सैनिकों को लाभ समेत तमाम जिम्मेदारियां आती हैं। यह प्रति वर्ष लाखों-करोड़ों डॉलर का लेन-देन करती है। ट्रंप के सत्ता संभालते ही उनके प्रशासन ने सरकारी फिजूलखर्ची का पता लगाने और उसे खत्म करने के लिए मस्क के नेतृत्व में सरकारी दक्षता विभाग यानी डीओजीआई का गठन किया था। हजारों विदेशी कर्मचारियों को तीस दिन के भीतर परिवार समेत लौटने के आदेश को रोकते हुए अदालत ने इसे जल्दबाजी में किया गया फैसला बताया। अदालत का यह रुख दिग्गज कारोबारी मस्क और ट्रंप, दोनों को बड़ा झटका माना जा रहा है। राष्ट्रपति चुनाव से पूर्व ही मस्क ने ट्रंप के साथ दोस्ती का हाथ बढ़ाया था। राष्ट्रपति बनते ही रिपब्लिकन पार्टी के नेता ट्रंप के इमीग्रेशन, टैरिफ, जलवायु समझौते और विश्व स्वास्थ्य संगठन से पांव खींचने जैसे चौंकाने वाले फैसलों पर दुनिया हतप्रभ थी। उनके तेवरों से विपक्ष ही नहीं, विश्व समुदाय भी आशंकित है। उन्होंने कहा है कि हम युद्ध में नहीं पड़ेंगे, शांति लायेंगे जबकि यूक्रेन का जिक्र भी नहीं किया, न ही गाजा के विषय में कुछ स्पष्ट किया। अमेरिका महंगाई के साथ कानून-व्यवस्था से जूझ रहा है। अमेरिकी व्यवस्था में अदालतों के अधिकारों को चुनौती देना आसान नहीं है। मगर ट्रंप दूसरे कार्यकाल में पूर्वाग्रहों से भरे एजेंडों को लेकर काफी आक्रामक हैं। न सिर्फ बजिद नजर आ रहे हैं, बल्कि अपने मंसूबों को लेकर अड़े भी हुए हैं।

## आलेख

# शिक्षा का असली उद्देश्य ज्ञानार्जन

रजनीश कपूर

आवश्यक है कि विद्यालयों में गुणवत्ता सुधार के साथ-साथ परीक्षाओं में सफलता का मूल्यांकन केवल अंकों के आधार पर न किया जाए, बल्कि छात्रों की संपूर्ण योग्यता और कौशल को ध्यान में रखा जाए। जब शिक्षा का असली उद्देश्य ज्ञानार्जन बनेगा, तभी समाज का वास्तविक विकास संभव होगा। देश में वार्षिक परीक्षाएँ छात्रों के भविष्य को निर्धारित करने का प्रमुख माध्यम हैं। लेकिन हाल के वर्षों में, शिक्षा का मूल उद्देश्य ज्ञान अर्जन से हटकर केवल उच्च अंक प्राप्त करने तक ही सीमित होता जा रहा है। खासकर देहाती क्षेत्रों के विद्यार्थी अब नियमित कक्षाओं में पढने की बजाय कोचिंग सेंटरों पर अधिक निर्भर होते जा रहे हैं, क्योंकि वहाँ कम समय में अधिक अंक प्राप्त करने के आसान तरीके बताए जाते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल शिक्षा प्रणाली को प्रभावित कर रही है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों के समग्र विकास के लिए भी एक चुनौती बनती जा रही है। देश के गाँवों के छात्रों में एक नई होड़ देखी जा रही है। देहाती छात्र काफ़ी मात्रा में विद्यालय से विमुख हो रहे हैं। इसके पीछे शिक्षा प्रणाली की कई खामियाँ ज़िम्मेदार मानी जा सकती हैं। इनमें अहम हैं ग्रामीण स्कूलों में शिक्षकों की कमी, कमजोर आधारभूत संरचना और अपर्याप्त शिक्षण सामग्री के कारण विद्यार्थी नियमित कक्षाओं में रुचि नहीं लेते। इसके अलावा कोचिंग संस्कृति का प्रभाव इतना बढ़ गया है कि छात्रों को लगता है कि विद्यालय में पढने की तुलना में कोचिंग सेंटरों में परीक्षा के लिए विशेष तरीके सिखाए जाते हैं। जिससे वे कम समय में अधिक अंक प्राप्त कर सकते हैं। यह धारणा दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। इतना ही नहीं गाँव के भोले भाले युवकों को लुभाने की मंशा से कई कोचिंग सेंटर यह दावा भी करते हैं कि वे छात्रों को परीक्षा में अधिक अंक दिलाने में मदद करेंगे। जिससे अभिभावक भी अपने बच्चों को विद्यालय भेजने की बजाय कोचिंग में दाखिला दिलाने के लिए प्रेरित होते हैं। ऐसे में यदि शिक्षक भी उदासीन रवैया अपनाना शूर कर दें तो वह आग में घी का काम करता है। ऐसा भी देखने में आया है कि ग्रामीण इलाक़ों के कई सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी या उनकी लापरवाही के कारण कक्षाओं का स्तर गिरता जा रहा है। ऐसे में छात्र कोचिंग का विकल्प चुनने को मजबूर हो जाते हैं। आज से कई वर्ष पूर्व थ्री इडिअट्स' फ़िल्म में भी यह दिखाया गया था कि अधिक अंकों की होड़ का छात्रों पर काफ़ी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जबकि होना यह चाहिए कि अगर हर नौजवान को अपने दिल की आवाज सुनकर अपनी जिंदगी की राह तय करनी चाहिए। यदि वो अइस करता है तो वह खुश भी होता है और सही मायने में सफल भी। केवल ज्यादा पैसे कमाने के लिए बिना समझे रट्टा मारने वाले कोल्हू के बैल ही होते हैं। जिनकी जिंदगी में रस नहीं आ पाता। यही कारण है कि आईआईटी जैसी प्रतिष्ठित संस्थानों से पढ़कर सैकड़ों नौजवान आज देश में ऐसे काम कर रहे हैं जिसका उनकी डिग्री से कोई लेना देना नहीं है। मसलन झुग्गियों में बच्चों को पढ़ाना, आध्यात्मिक आन्दोलनों में भगवत्गीता का प्रचारक बनना या गांव के नौजवानों के लिए छोटे-छोटे कुटीर उद्योग स्थापित करने में मदद करना। दूसरी तरफ इंजीनियरिंग की डिग्री की भूख इस कदर बढ़ गयी है कि एक-एक शहर में दर्जनों प्राईवेट इंजीनियरिंग कॉलेज खुलते जा रहे हैं। जिनमें दाखिले का आधार योग्यता नहीं मोटी रकम होता है। इन कॉलेजों में योग्य शिक्षकों और संसाधनों की भारी कमी रहती है। फिर भी यह छात्रों से भारी रकम फीस में लेते हैं। बेचारे छात्र अधिकतर ऐसे परिवारों से होते हैं जिनके लिए यह फीस देना जिंदगी भर की कमाई को दाव पर लगा देना होता है। इतना रूपया खर्च करके भी जो डिग्री मिलती है उसकी बाजार में कीमत कुछ भी नहीं होती। तब उस युवा को पता चलता है कि इतना रूपया लगाकर भी उसने दी गयी फीस के ब्याज के बराबर भी पैसे की नौकरी नहीं पाई। तब उनमें हताशा आती है। आज हालत यह है कि यों की दुकानों पर सेल्समैन का काम कर रहे हैं। समय और पैसे का इससे बड़ा दुरूपयोग और क्या हो सकता है? इसलिए समझ की बजाय रटने की प्रवृत्ति को समाप्त करने में ही समझदारी है। लेकिन देखा यह गया है कि कुछ कोचिंग संस्थान परीक्षा पास कराने के लिए रटने पर जोर देते हैं।

# केजरीवाल और आप का राजनीति का नशा उतरा

अनिल चतुर्वेदी

कहते हैं वक्त खराब हो तो ऊँट पर बैठे आदमी को भी कुत्ता काट लेता है। दिल्ली विधानसभा के इन चुनावों में लगता है अरविंद केजरीवाल केजरीवाल और उनकी पार्टी आप के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ दिखा। दिल्ली में लोगों और ख़ासकर महिलाओं को केजरीवाल ने जो सुविधाऐं मुहैया कराई उनसे ज़्यादा उन्होंने भविष्य में मिलने का वादा की गईं सुविधाओं पर भरोसा कर भाजपा को उम्मीद से ज़्यादा वोट दिए। या यूँ कहिए कि मोदी है तो मुमकिन हुआ पर साथ ही यह भी नहीं भूलना चाहिए कि आप पार्टी के पिछले तीन चुनावों से मोदी प्रधानमंत्री हैं पर तब क्यूं नहीं मोदी मुमकिन कहना सार्थक हो सका । तभी इन चुनावों में केजरीवाल की हार के बाद यह कहावत भी सटीक है कि वक्त तो ऊँट पर बैठा नेता केजरीवाल चुनाव हार गए। दिल्ली में महिलाओं को मिल रहीं सुविधाएँ गर्भ में चलीं गई भविष्य में मिलने वाली सुविधाओं पर भरोसा हुआ और ऐसा कि एक दशक से सत्ता में बैठे केजरीवाल और उनकी पार्टी का राजनीति का नशा उतर गया। महिलाओं ने पुरुषों से कहीं अधिक वोट भाजपा डाल जता दिया कि केजरीवाल को देखलिया अब भाजपा को देखेंगे। महिलाओं ने जहां 61.92 फ़ीसद वोट डाले वहीं पुरूषों ने 60.21 ही वोट डाले। यही नहीं वोटिंग में भी महिलाएँ आगे रहीं। तभी कहा जा रहा है कि भाजपा की इस जीत में महिला फ़ैक्टर ज़्यादा रहा। अब भले 2020 के चुनाव में आप पार्टी ने महिलाओं को बसों में मुफ़्त यात्रा सुविधा दी और यह आप की जीत का आधार बना था। और इस बार भी महिलाओं की लिए सुविधाओं का पिटारा खुलना था जिसमें फ्री बस के अलावा महिला सम्मान योजना में 2100 रूपये हर महीने देने का वादा था। यही नहीं कांग्रेस की तरफ़ से भी 2500 रूपये हर महीने देने का वादा था और साथ ही गरीब महिलाओं को 500 में सिलेंडर के अलावा त्योहार पर पर फ्री गैस सिलेंडर के अलावा 2100 रूपये भी देने का वादा था। लेकिन भाजपा की ओर से बुजुर्गों को पेंशन,2000 रूपये हर महीने से बढ़ाकर 2500 के अलावा पेंशन राशि बढ़ाने के साथ ही झुग्गी बस्ती में अटल कैंटीन और फिर मोदी की गारंटी पर पर ज्या भरोसा कर भाजपा के लिए वोट दिए। और भाजपा ने 70 में 48 सीटें जीतीं। भला हो दिल्ली के लोगों और ख़ासकर महिलाओं का कि भाजपा उनसे किए गए वादें को पूरा करें और अगले चुनावों के लिए अपनी ज़मीन पक्की पर अगर इन वादों और केजरीवाल की योजनाओं को जारी रखने का वादा पूरा करने की बजाए इन्हें पिछले चुनावी वादों की तरह चुनावी जुमला करार दे दिया गया तो क्या तो होगा वादों का और कैसे कहेंगे लोग कि मोदी है तो मुमकिन है । विधानसभा चुनावों में 70 सीटों में से 48 सीटें जीतने वाली भाजपा के सामने अब दिल्ली का मुख्यमंत्री चुनने की चुनौती है। यूँ सीएम बनने की चाहत में दिल्ली भाजपा के पुराने और धुरंधर नेता चुनाव जीतने के बाद से गणेश पर्क्रिमा लगे हैं। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के फ्रांस और अमेरिका के दौरे के बाद यानी 15 फ़रवरी तक सीएम के नाम का एलान हो सकेगा। और जीते हुए विधायकों का शपथ ग्रहण समारोह भी इसी दौरान होगा। कहा जा रहा है कि सीएम बनाते समय बिहार और फिर यूपी में होने वाले चुनावों में पार्टी की चुनौतियों को भी ध्यान रखा जाना है। इस हिसाब से सांसद मनोज तिवारी भी इस क़तार में माने जा रहे हैं। जबकि दावा अरविंद केजरीवाल को नई दिल्ली से हराने वाले प्रवेश वर्मा के समर्थक भी दबाव बनाए हुए हैं। यह अलग बात है कि सीएम की लाईन में जनकपुरी से जीते वरिष्ठ नेता आशीष सूद ,मालवीय नगर से जीते पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश उपाध्याय,रोहिणी से जीते और विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंदर गुप्ता,और संघ की पृष्ठभूमि से निकले पवन शर्मा भी शामिल हैं। पर दारोमदार आकाओं के हवाले है। दिल्ली में पूर्वांचल के लोगों को मनोज तिवारी को सीएम बनाए की उम्मीद है। लोकसभा चुनाव में भाजपा के सातों में से अकेले मनोज तिवारी को ही टिकट दिया गया था और जीते भी। शालीन और मृदुभाषी तिवारी विवादों में भी कम ही रहे है। चर्चा तो है कि राजस्थान,एमपी और दूसरे राज्यों की तरह सीएम के किए गए सिलेक्शन की तरह दिल्ली में कोई चौंकाने वाला नाम इस पद के लिए लाया जा सकता है। भला किसकी परिक्रमा सफल रहती है और सीएम कौन बनाया जाता है सीएम पर सीट पर बैठने के साथ ही चुनौतियाँ भी शुरू हो जानी हैं ख़ास यह भी कि विपक्ष केजरीवाल सरीखे खूंसट और उनके साथियों का रहना है। विधानसभा की हॉट सीटों में से एक कालकाजी सीट से जीतीं दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को अपनी जीत के लिये वोटरों के अलावा प्रतिद्वंद्वी भाजपा के रमेश विधूडी और कांग्रेस की अलका लांबा का भी शुक्रगुज़ार करना चाहिए। इनमें से भी रमेश बिधूडी का ख़ासतौर से। भाजपा के सांसद रहे बिधूडी अपने व्यवहार और बेबाक़ी के लिए पहचाने जाते रहे हैं भले संसद हो या फिर विधानसभा चुनाव सीट। जिस तरह उन्होंने पिछले दिनों संसद में अपने ही एक साथी को गरिआया उसी तरह उन्होंने इन चुनावों में दिल्ली की मुख्यमंत्री और इस चुनाव में कालकाजी से आप पार्टी की दावेदार और उनकी प्रतिद्वंद्वी आतिशी को भी उन्होंने खूब गरिआया । संसद में उनकी बेबाक़ी को तो पार्टी ने अनदेखा कर दिया था पर शायद दक्षिण दिल्ली की इस सीट के वोटरों को उनका मिज़ाज भाया नहीं। और जबाव उन्हें अपने वोट से दिया। सच पूछो तो इस हार के बाद वे दिल्ली का सीएम बनने की इच्छा से चूक गए। वरना तो बिधूडी का चेहरा सीएम के बाक़ी चेहरों से कोई कम नहीं था। कमोवेश ऐसा ही कांग्रेस की अलका लांबा के साथ कांग्रेसी नेताओं के व्यवहार से भी आतिशी को राहत मिली। यह अलग बात है कि अलका को उनके विधानसभा क्षेत्र से बाहर लड़ाया गया ,वे हारीं और इसका लाभ आतिशी को सौ फ़ीसद मिला। पर कोई कहे कि अलका हारीं तो अलका जीत सकतीं थी बशर्ते कांग्रेसी साथ देते। पर कौन जानता था कि अलको को हराने और एक कांग्रेसी नेता की यह इच्छा पूरे करने के लिए कि अलका को 5000 से ज़्यादा वोट नहीं मिल सकें ने अलका की जीत की कोशिश पर विराम लगा दिया।

# देश के केंद्रीय बजट और हमारा प्रदेश...

केआर भारती

आशा की जानी चाहिए कि प्रदेश के तीर्थों, देवस्थलों के विकास व उनकी कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए केंद्र से उचित सहायता प्राप्त होगी। पहाड़ी क्षेत्रों में मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने का भी विचार है केंद्रीय बजट पर देश के प्रत्येक राज्य व समाज के प्रत्येक वर्ग की निगाहें टिकी रहती हैं कि उन्हें इससे क्या मिला? केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी 2025 को 2025-26 का बजट लोकसभा में प्रस्तुत करते हुए देश के विकास और कल्याण के लिए कई बड़ी घोषणाएं कीं। लेकिन बिहार और असम के सिवाय किसी राज्य का विशेष जिक्र नहीं हुआ। जब बिहार में मखाना बोर्ड और असम में यूरिया संयंत्र स्थापित करने का विशेष उल्लेख किया गया, तो हिमाचल प्रदेश सहित कई राज्य कह उठे कि हमारे राज्य को तो कुछ नहीं मिला। लेकिन ऐसा कहना सही नहीं होगा। राष्ट्रीय योजनाओं व कार्यक्रमों से हर राज्य को लाभ मिलता आया है और मिलता ही रहेगा। आखिर हमारा भारत, संघीय ढांचा ही तो है। राज्यों को मिल कर ही देश बना है। देश में एक ही तो नागरिकता है। जो देश का है वह राज्यों का भी है। यहां बजट में की गई कुछ घोषणाओं का जिक्र करना जरूरी है, जिससे अन्य राज्यों के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश को भी बहुत फायदा मिलने वाला है। कृषि व बागवानी : प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना लागू करने की घोषणा हुई है जिसमें कम उत्पादकता, कम फसलों की बुआई और औसत से कम ऋण मानदंडों वाले 100 जिलों में उत्पादकता व भंडारण बढ़ाने के लिए विशेष प्रयत्न किए जाएंगे। सिंचाई सुधार के साथ-साथ किसानों को दीर्घ व लघु अवधि के ऋण उपलब्ध करवाए जाएंगे। इस योजना से देश के 1.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। हिमाचल प्रदेश से भी इस कार्यक्रम के अंतर्गत किसी एक जिले को चुने जाने की संभावना है। पहले भी सबसे कम विकसित जिलों की आर्थिक प्रगति के लिए चलाई गई एकांक्षी जिला योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के चंबा जिला को चुना गया था। फल व सब्जी उत्पादन व खाद्य और फल प्रसंस्करण के लिए भी देश में व्यापक कार्यक्रम चलाए जाने का प्रस्ताव है। हिमाचल प्रदेश, देश के फल राज्यों में से एक है। राज्य में सेब की पैदावार सबसे अधिक होने के कारण इसे सेब राज्य की संज्ञा दी गई है। हिमाचल प्रदेश को गैर मौसमी सब्जियां उगाने की भी महारत हासिल है। ऐसे में हमारे बागवानों और सब्जी उत्पादकों को भी लाभ मिलना सुनिश्चित है। केंद्रीय बजट में किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को दिए जाने वाले ऋणों की ऋण सीमा तीन लाख से पांच लाख तक बढ़ाए जाने की घोषणा की गई है। हिमाचल में 10 लाख के करीब सीमांत, लघु, मझोली और बड़ी किसानी जोते हैं। इस बढ़ोतरी का लाभ हिमाचल के खेती किसानों, डेयरी किसानों और यहां तक कि मछुआरे भी उठा सकते हैं। प्रदेश में 13000 के लगभग मछुआरे हैं। एमएसएमई और स्टार्टअप (सूक्ष्म और मध्यम उद्यम), एमएसएमई व स्टार्टअप के लिए वर्गीकरण से संबंधित निवेश और कारोबार की सीमाओं को 2.5 व 2.0 गुणा बढ़ाया जा रहा है। उन्हें

ऋण तक पहुंच बनाने के लिए ऋण गारंटी कवर बढ़ाने की घोषणा भी हुई है। सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए रुपए 5 करोड़ से रुपए 10 करोड़, स्टार्टअप के लिए 10 करोड़ से बढ़ा कर 20 करोड़, उत्तम चल रहे निर्यातक एमएसएमई के लिए रुपए 20 करोड़ के सावधि ऋण की व्यवस्था की जा रही है। हिमाचल प्रदेश के उद्यमियों को भी इससे लाभ पहुंचेगा और उद्यमियों के साथ-साथ प्रदेश में युवाओं के लिए भी रोजगार बढ़ेगा। प्रदेश में इस समय 136000 उद्यम पंजीकृत हैं जिसमें 97.5 प्रतिशत सूक्ष्म, 2.37 प्रतिशत लघु और 0.28 प्रतिशत मध्यम किस्म के हैं। शिक्षा और कौशल विकास : बच्चों में जिज्ञासा और नवाचार की भावना उत्पन्न करने की उद्देश्य से देश में पहले से ही अटल टिंकरिंग लैब कार्यक्रम चल रहा है। अगले पांच सालों में 50000 और अटल टिंकरिंग लैब खोले जाने का प्रस्ताव है। निश्चित तौर पर हिमाचल प्रदेश के कई विद्यालय इस सुविधा को प्राप्त कर सकेंगे। भारतीय नेट परियोजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी माध्यम पाठशालाओं को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी जिसमें हिमाचल के भी कई स्कूलों को कनेक्टिविटी मिलेगी। भारतीय भाषा पुस्तक स्कीम के तहत स्कूल और उच्चत्तर में शिक्षा के लिए भारतीय भाषाओं में डिजिटल रूप में पुस्तकें प्रदान की जाएंगी जिससे प्रदेश के विद्यार्थी भी लाभान्वित होंगे। आईआईटी में प्रवेश के लिए आगामी वर्ष 6500 अतिरिक्त सीटें और मेडिकल कॉलेजों में 10000 नई सीटें सृजित होंगी। मेडिकल कॉलेजों में आगामी पांच सालों में 75000 नए प्रवेश दिए जाने का प्रस्ताव है, जिससे हिमाचल प्रदेश के इच्छुक विद्यार्थियों को भी लाभ मिलेगा। इसी तरह कौशल निर्माण के लिए देश में राष्ट्रीय कौशल उत्कृष्टता केंद्र खोले जा रहे हैं जिससे राज्य के युवक भी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। स्वास्थ्य : केंद्रीय बजट में कैंसर व अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को राहत देने के उद्देश्य से 36 जीवन रक्षक दवाइयों को बुनियादी सीमा शुल्क में पूरी तरह से छूट दी गई है। कुछ अन्य जीवनरक्षक दवाइयों को 5 फीसदी रियायती सीमा शुल्क की सूची में डाला गया है। इससे रोगियों को सस्ती दवाइयां उपलब्ध होंगी। अगले तीन सालों में देश के प्रत्येक जिले के अस्पतालों में डे-केयर सेंटर स्थापित होंगे। जाहिर है कि हिमाचल के भी सभी जिले चरणबद्ध तरीके से इससे लाभान्वित होंगे। ऑनलाइन कंपनियों में डिलीवरी के साथ जुड़े या अन्य अस्थायी कर्मचारी जिन्हें गिग वर्कर्स कहा जाता है, को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत लाए जाने का प्रस्ताव है जो अत्यंत सुखद है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली वाले कान में एक मंत्र फूंक जाते हैं कि गुरुदेव आपको हमारे नगर में आना है

**उस्मानपुर ( विश्व परिवार )।** आचार्यश्री संत शिरोमणि भावलिंगी संत श्रमणाचार्य श्री 108 विमर्शसागर जी महामुनिराज राजधानी दिल्ली के

जिनालयों की पावन दर्शन श्रृंखला में 16 फरवरी 2025, रविवार की प्रात: बेला में लालमंदिर से पदविहार करते हुए उस्मानपुर स्थित श्री 1008 शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचे। स्थानीय जैन समाज ने लालमंदिर से ही बहुसंख्या में आचार्यसंघ का मंगल बिहार कराया एवं साथ ही उस्मान पुर में भव्यातिभव्य मंगल आगवानी करायी। प्रात:कालीन प्रवचन सभा में आचार्यश्री का पाद ?प्रक्षालन परमगुरुभक्त नीरज जैन बलबीर नगर द्वारा किया गया। आन्चार्य श्री ने अपना मंगल उद्बोधन प्रदान करते हौरा धर्मसभा में कहा कि हमें यह जीवन मुस्कुराकर जीने के लिए मिला है। यदि किसी को सम्मान ने मिले तो सूरत उत्तर जाती है, दुकान पर यदि ग्राहक न मिले तो सूरत उत्तर जाती है, जरा विचार करना मंदिर में आकर भी यदि किसी की सूरत उतर जाए, मुस्कुराहट खो जाए तो जानना चाहिए कि यह भगवान के पास आकर भी भगवान से नहीं मिल पाया है। बन्धुओ, जिसको भगवान मिल जाते हैं वह सदैव ही मुस्कुराया करता है। आज बड़े इंतजार के बाद उस्मान पुर आया हूँ। जब से दिल्ली आया हूँ तभी से उस्मानपुर वाले तो हमारे पास आते रहे और अपनी भक्ति करते रहे, आज वही भक्ति आपकी शक्ति बनकर इस समवशरण को यहाँ खींच लामी है। ठीक भी है इंतजार के बाद अभिलषित वस्तु प्राप्त हो उसका मजा ही अद्भुत होता है।

### बाबा भगवान राम ट्रस्ट, जशपुर द्वारा आयोजित नि:शुल्क मिर्गी चिकित्सा शिविर सम्पन्न

**जशपुर ( विश्व परिवार )।** अघोर पीठ, वामदेव नगर, गम्हरिया में आज बाबा भगवान राम ट्रस्ट, जशपुर द्वारा आयोजित नि:शुल्क मिर्गी चिकित्सा शिविर सम्पन्न हुआ। शिविर में कुल 92 मरीजों को संस्था द्वारा निर्मित मिर्गी रोग की फकीरी एवं आयुर्वेदिक दवा का वितरण किया गया। इन मरीजों में 5 बच्चे भी थे। प्रात: पूजन उपरान्त उन्हें फकीरी दवा दी गयी और साथ में मिर्गी की आयुर्वेदिक दवा भी वितरित की गयी। दवा वितरित करने हेतु विशेष रुप से वैद्य रंजीत सिंह एवं उनके सहयोगी धर्मेन्द्र सिंह को आमंत्रित किया गया था। शिविर में रांची, गुमला, सिमडेगा देवघर(झारखण्ड) रायपुर, सरगुजा रायगढ़, वाड्फनगर, कोरबा, भाटापारा, बलौदा बाजार राजनांदगांव, चिरमिरी, बैकुण्ठपुर, पत्थलगांव, कांसाबेल, तपकरा, जशपुर (छत्तीसगढ़), अनुपपुर, शहडोल (मध्यप्रदेष) बिरमित्रापुर (उड़ीसा) आदि क्षेत्रों से मरीज उपस्थित थे। दवा वितरण पश्चात् वैद्य रंजीत सिंह द्वारा औषधि सेवनकाल में किये जाने वाले परहेज एवं सावधानियों को विस्तार से बताया गया। अगला शिविर पुन: तीन माह के बाद 20 मई को इसी अघोर पीठ, वामदेव नगर, गम्हरिया आश्रम में आयोजित किया जायेगा। साथ ही मरीजो को यह भी निर्देषित भी किया गया कि अगले शिविर में दवा लेने हेतु 19 मई2025 को ही सायकाल में आश्रम परिसर में उपस्थित हो जाये।

### चरौदा के नाचा कलाकारों ने राजिम कुंभ में दी प्रस्तुति

**आरंग ( विश्व परिवार )।** अंचल के ग्राम चरौदा के भुईयां के गोठ नाचा पार्टी के कलाकारों ने राजिम कुंभ में प्रथम दिवस ही प्रस्तुति दी। जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। भुइंया के गोठ नाचा पार्टी के मैनेजर राजकुमार यादव ने बताया विगत तीन चार वर्षों से इनकी नाचा पार्टी को संस्कृति विभाग द्वारा राजिम कुंभ में प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया जाता है। उन्होंने बताया विलुप्त हो रही नाचा विधा को राजिम कुंभ में प्रस्तुति से कलाकारों में हर्ष की लहर है। वही स्वयं सेवी सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन ने राजिम कुंभ में नाचा कलाकारों की प्रस्तुति पर हर्ष व्यक्त करते हुए कलाकारों को बधाई दिए हैं।

### नगर निगम भिलाई एवं रिसाली के कुछ क्षेत्रों में 66 mld फिल्टर प्लांट में शटडाउन के कारण जलआपूर्ति बाधित रहेगी

**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम भिलाई के 66 एम.एल.डी. जलशोधन संयंत्र के नगर निगम भिलाई क्षेत्र में स्थित उच्च स्तरीय जलागार को भरने वाली राईजिंग पाईप लाईन यातायात पुलिस थाना नेहरू नगर के पीछे लिकेज हो गया है। जिसके संधारण हेतु 66 एम.एल.डी. जलशोधन संयंत्र में शट्डाउन की आवश्यकता है। पाईप लाईन लिकेज का संधारण कार्य 19.02.2025 को सुबह 9:30 बजे से किया जाएगा। जिससे दिनांक 19.02.2025 को शाम की पाली में फरीद नगर एवं स्मृति नगर तथा दिनांक 20.02.2025 एवं 21.02.2025 को नगर निगम भिलाई के नेहरू नगर, स्मृति नगर, फरीद नगर, स्लाटर हाउस, खम्हरिया एवं नगर निगम रिसाली के रूआबांधा, नेवई, मरोदा, रिसाली उच्च स्तरीय जलागारों में जलप्रदाय पूर्णत: बाधित रहेगी। लीकेज संधारण का कार्य पूर्ण होने पर पूर्व की भांति पेयजल आपूर्ति चालू कर दी जायेगी।

## गहराई के बगैर कोई भी ऊंचाई टिकाऊ नहीं हो सकती : मुनि श्री समतासागर जी महाराज

**डोंगरगढ़ ( विश्व परिवार )।** गहराई के बगैर कोई भी ऊंचाई टिकाऊ नहीं हो सकती आचार्य श्री के व्यक्तित्व की ऊंचाई जो हमें आपको दिखाई दे रही है उसका कारण उनके विचारों की गहराई है। उपरोक्त उद्गार निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी महाराज ने प्रात:कालीन धर्मसभा में व्यक्त किये।

मुनि श्री ने कहा कि आचार्य श्री ने दिखावे को कभी पसंद नहीं किया उन्होंने करने पर भरोसा रखा गुरवर का जीवन प्रयोजन प्रयोगधर्मी रहा प्रारंभ से ही उनके अपने ऊपर संघ के ऊपर तथा समाज के ऊपर जैन तथा जैनेत्तर, पड़े लिखे, विना पढ़े लिखे, प्रयोग किये तथा उनके प्रयोग फिल्टर होकर बड़ते गये तथा सफलता मिलती चली गई यही कारण है कि समूचे देश और पूरी दुनिया ने उनके विचारों को स्वीकार किया और उनके व्यक्तित्व से प्रभावित हुये। मुनि श्री ने कहा कि महात्मागांधी अपने प्रयोगधर्मी स्वभाव के कारण ही विश्व प्रसिद्ध हुये थे तो आचार्य गुरुदेव तो उससे भी एक कदम आगे प्रयोग धर्मी थे उन्होंने कहा कि जब आचार्य श्री हम लोगों को कोई नयी बात प्रयोग करने को कहते थे तो हम लोगों को कठिन लगने लगता था तो आचार्य गुरुदेव कहते थे कि यह आप लोगोंको सोचने की जरुरत नहीं है सब सोच

लिया गया है आप लोग तो करना शुरु करो मुनि श्री ने कहा कि आचार्य श्री ने आयुर्वेद का क्षेत्र हो या स्वास्थ्य का क्षेत्र न जाने कितने तरीकों से उन्होंने नये नये प्रयोग कराये और इसमें उनको सफलता मिली मुनि श्री ने कहा सुनने सुनाने को बहूत कुछ है लेकिन समय की अपनी मर्यादा है गुरुदेव की समाधि पर चारों और से लोग आ रहे है और सभी की भावनायें इस समाधि केंद्र से जुड़ी हुई है। इस अवसर परनिर्यापक मुनि श्री वीरसागर जी महाराज ने कहा कि सारी दुनिया जो सोच रही थी आचार्य भगवन् की सोच उससे बहूत ऊपर थी, जो साधना आचार्य गुरुदेव ने की उस साधना की तो किसी को कानोंकान खबर हीं नहीं होंने दी। महापुरुषों की सोच वंहा से शुरु होती है, जंहा हमारी सोच समाप्त हो जाती है उनकी दृष्टि आसमान को छू रही थी लेकिन हम सब संकीर्ण वुद्धि बाले बहूत सीमित ही देख और सोच पाते है। मुनि श्री ने कहा कि जो महापुरुष होते है उनके विचार कल्पना तीत होते है, आचार्य भगवन् ने उन क्रूर और खुंखार कैदियों के विषय में सोचा जिनके बारे में कोई मिलना तो दूर बात करना भी पसंद नही करता, प्राय: जब भी सम्यक् दर्शन की बात करते है तो हम लोग शास्त्र खोलकर बैठ जाते है, जबकि आचार्य भगवन ने सक्रिय सम्यक्त्व दर्शन की मात्र बात ही नहीं की उन्होंने उसको जी करके बताया है मुनि श्री ने कहा कि जो व्यक्ति ऐसे लोगों के विषय में सोच सकता है, समझना वह छोटा नहीं है उन्होंने आचार्य भगवन् का एक हायकू दुखी जग को तज कैसे तो जाओ मोक्ष को सुनाते हुये कहा कि जो करूणा आचार्य भगवन् की झलक रही है, उन्हें इस संसार को छोड़कर के जाने में भी कष्ट का अनुभव हो रहा है। मुनि श्री ने कहा कि मोक्षमार्ग में कदम बड़ाने बाला हर श्रावक समाधि मरण की ही भावना भाता है आसमान में अरबों खरबों ताराऐं वह प्रकाश पैदा नहीं कर पाते वह एक चंद्रमा पैदा करता है, ऐसा नहीं है कि ताराओं में प्रकाश पुंज नहीं होता रोशनी तो उनके भीतर भी है लेकिन उनकी रोशनी स्वंय तक सीमित रहने बाली है मुनि श्री ने कहा कि जैसे चंद्रमा के प्रकाश में कयीओं को राहत मिल जाती है उसी प्रकार आचार्य भगवन् थे जो स्वं तो प्रकाशित थे। -**अविनाश जैन**

## लफ्ज़ कम है, पर श्रद्धा-भक्ति विश्वास से भरे हैं : आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

**औरंगाबाद ( विश्व परिवार )।** अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज की कुलचाराम से बद्रीनाथ अहिंसा संस्कार पदयात्रा चल रही है आज प्रवचन में कहा कि जफ्ज़ कम है, पर श्रद्धा भक्ति विश्वास से भरे हैं। हे गुरूदेव! प्रीत की है रीत सच्ची हम तुम्हारे-तुम हमारे।

हे अनेक क्षमताओं के समवाय दैदीप्यमान गुरूदेव- आपकी तपस्विता के उषय ने जन-जन के अंत:करण में उनके प्रति श्रद्धा के समंदर की उत्ताल तरंगों को उछाल दी है। आचार्य श्री को निकटता से देखने परखने वाले अच्छी तरह जानते हैं, कि उनकी मनोवृत्ति कितनी उदात्त थी। उनका वाणी संयम कितना विलक्षण था, और उनके कार्य कितने परोपकार पारायण थे, उनके निकट पहुंचते ही दर्शक सम्मोहित हो जाते थे, निर्निमेष उन्हें निहारते रहते थे।

हे श्रमण कुल तिलक गुरूदेव- आप वाह्य और अंतरंग दोनों प्रकार के व्यक्तित्व के सौरभ से श्री संपन्न थे। उनका वाह्य व्यक्तित्व, उनकी आकृति पर अभिमंत्रित था ललाट, आंखें, भोह, पलकें, कान, नासिका, ओष्टपोस्ट आदि अवयवों के योग से, बाल सुलभ सर्वांग सौंदर्य का वे वरण करते थे। अनुपमेय व्यक्तित्व और कृतित्व से अभि-मण्डित उनकी आकृति, शोभा-शालीनता के संग सुंदर तो थी ही, उससे भी सुंदर था उनका वैरागी अंत: प्रवृत्ति-प्रकृति- स्वभाव।

हे मूलाचार-समयसार के राज हंस गुरूदेव-आप में समा गई चांद सी शीतल चांदनी, सूर्य सा प्रखर तेज, तारों की सी झिलमिलाहट और सागर सी गंभीरता, धरणी सा गजब का धैर्य, आपकी ऋतंभर प्रज्ञा को अनंत विस्तार देता था। जिसके प्रभाव से आप सदा निर्विचार स्थिति में रहने की साधना कर आत्मानंद की अप्रतिम अनुभूति करते रहते थे। हे कर्मजा शक्ति के प्रतीक-सन्त शिरोमणी गुरूदेव आपके पास चरित्र की निर्मलता, साधना की तेजस्विता, भावों की पवित्रता तथा विचारों की एक रूपता स्वाभाविक रूप से विन्यस्त हुई थी। जीवन को इन पवित्र गुणों द्वारा उर्ध्वगामी बनाने की कला के आप अप्रतिम साधक थे। -**नरेंद्र अजमेरा, पियुश कासलीवाल**

## बालक आदिकुमार के जन्म की खुशियों में उमड़ा आस्था का सैलाब, अयोध्या नगरी में इंद्र इंद्राणी झूमे भक्ति में

### मनुष्य जन्म से नहीं कर्म से बनता है महान : मुनि प्रमाण सागर जी महाराज

**भोपाल ( विश्व परिवार )।** भोपाल टी टी नगर पंच कल्याणक महोत्सव में आज बालक जन्म आदिकुमार का जन्म हुआ, जन्म की बधाई, हुई, प्रभु के जन्म की खुशी, , भक्ति का उल्हास, , और आस्था का सैलाब का उमड़ पड़ा माता मरुदेवी बनी राजेश्वरी जैन की कोख से जन्मे बालक आदिकुमार का जन्म होते ही संपूर्ण अयोध्या नगरी भक्ति में झूम उठी, मीडिया प्रभारी सुनील जैनाविन ने बताया राजा नाभिराय बने ऋषभ जैन को जन्म की सूचना प्राप्त हुई तो, , नगाड़ा बाज उठा, , महिलाओं युवाओं के दिव्य घोष गूंज उठे स्वयं अनुष्ठान के मुख्य पात्र राजेश सारिका सो धर्मेंद्र इंद्राणी अमर माया कुबेर सुनील रंजना महायज्ञ नायक सहित सभी प्रमुख पात्रों के साथ श्रद्धालुओं ने भक्ति में झूमकर मंगल गीत गाए।

जयकारों ओर भक्ति नृत्य से अदभुत नज़ारा था, सभी के मुख मंडल पर प्रभु जन्म की खुशी झलक रही थी, सो धर्म इंद्र इंद्राणी द्वारा बालक आदि कुमार को लेने की होड के दृश्य ने सभी को आत्ममुग्ध कर दिया, सभी भक्ति में भाव विभोर हो गए, मुनि प्रमाण सागर महाराज ने कहा पूरा विश्व को जैन होने की जरूरत हे, जैन का अर्थ पूरी तरह अहिंसा का पालन करना, ओर आज पूरे विश्व को अहिंसक होने की जरूरत हे, मुनि श्री ने कहा जन्म सबका समान होता हे पर जीवन समान नहीं होता, मनुष्य जन्म से नहीं कर्म महान होता हे, जन्म सब का समान होता हे, सज्जन श्रद्धा का पात्र होता हे दुर्जन को सब दुत्कारते हे, ये सभी स्वयं के गुणों पर आधारित हे, हम सभी जीवन के मर्म को समझ कर कर्म को उत्म बनाए विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा भारतीय संस्कृति संस्कारों को हमारे मानस पटल पर हमारे अंदर जीवंत रखने में संत ही हे, संतों के मार्ग दर्शन ओर आशीर्वाद से ही हमारे समाज ओर देश की प्रगति हे जन्माभिषेक शोभा यात्रा में उमड़ा श्रद्धा भक्ति सैलाब 1008 कलशों से बालक आदिकुमार का प्रथम जन्माभिषेक प्रभु की भव्य जन्माभिषेक शोभायात्रा निकली, एरावत हाथी पर सो धर्म इंद्र इंद्राणी राजेश सारिका बालक आदि कुमार को लेकर बैठे, अष्ट कुमारियां भक्ति कर रही थी।

## नयाखेड़ा में निर्वाण लाडू चढ़ाकर मनाया गया भगवान पद्मप्रभु स्वामी का मोक्ष कल्याणक

**ललितपुर ( विश्व परिवार )।** राष्ट्र संत आचार्य प्रवर श्री विद्यासागर जी महा मुनिराज का प्रथम स्मृति महा महोत्सव के अवसर पर नयाखेड़ा में विमानोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पं. विनोद कुमार शास्त्री बबीना के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत शान्तिनाथ महामंडल विधान का आयोजन किया गया एवं जैन धर्म के 6वें तीर्थंकर भगवान पद्मप्रभु स्वामी का मोक्ष कल्याणक मनाया। दोपहर में विमानोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें धर्म प्रभावना के साथ श्री जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। आचार्य श्री का चित्र

**विमानोत्सव कार्यक्रम में निकली श्री जी की भव्य शोभायात्रा**

अनवरण एवं दीप प्रज्वलन विकास जैन पवा एवं चंद्र कुमार नयाखेड़ा और ध्वजारोहण महेंद्र कुमार अरविन्द जैन नयाखेड़ा ने किया कल सोमवार को नयाखेड़ा जैन मंदिर का भव्य शम्भोशरण सिद्ध क्षेत्र पावागिरि लाया जायेगा। जिसमें क्षेत्र समिति के अध्यक्ष ज्ञानचंद्र जैन, मंत्री जयकुमार जैन, कोषाध्यक्ष उत्तम चंद्र जैन, वीरेंद्र कुमार जैन ढकरई, राजेंद्र कुमार जैन टूंका, कैलाश चंद्र जैन गेवरा, उत्तम चंद्र, आनंद जैन पवा, दानाशाह जैन, धर्मेंद्र कुमार, संदीप जैन, अमित कुमार, जितेंद्र जैन सहित सकल दिगम्बर जैन समाज का सक्रिय सहयोग रहा।

## नोएडा में पूज्य मुनि श्री जय कीर्ति जी महाराज ने दिया दिल्ली से 101 दिवसीय गिरनार जी धर्म पद यात्रा के लिए आशीर्वाद और

**दिल्ली ( विश्व परिवार )।** विश्व जैन संगठन नोएडा शाखा कार्यकारिणी द्वारा सेक्टर 27 जैन मंदिर जी में विराजमान पूज्य मुनि श्री 108 जय कीर्ति महाराज से और मंदिर जी प्रबंधक समिति से बलबीर नगर, दिल्ली से 1500 किमी लंबी 22वें जैन तीर्थंकर नेमिनाथ भगवान और अहिंसा के प्रचार के साथ गिरनार जी धर्म पद यात्रा के लिए आशीर्वाद और मार्गदर्शन के लिए आज 17 फरवरी 2025 को निवेदन किया गया।

**नोएडा जैन समाज का 1500 किलोमीटर लम्बी अहिंसामयी धर्म पद यात्रा को सहयोग और पूर्ण समर्थन**

विश्व जैन संगठन, नोएडा शाखा के अध्यक्ष श्री के. के. जैन ने बताया कि पूज्य मुनि श्री जय कीर्ति जी महाराज ने धर्म पद यात्रा किए मंगल आशीर्वाद देते हुए संगठन के पद यात्रा के संकल्प को जन जागृति के लिए आवश्यक बताते हुए सभी को यात्रा में बढ़ चढ़ कर सम्मिलित होने का मार्गदर्शन दिया।

संगठन के महामंत्री श्री दिनेश जैन ने बताया कि नोएडा सेक्टर 27 जैन मंदिर जी प्रबंधक समिति के प्रधान श्री पवन जैन को संगठन की और से पद यात्रा में सहयोग हेतु पत्र सौंपा गया।

प्रधान श्री पवन जैन जी ने पूज्य मुनि श्री के सानिध्य में मंदिर जी प्रबंधक समिति और नोएडा समाज की और से धर्म पद यात्रा में पूर्ण सहयोग और समर्थन देने का वीडियो संदेश जारी किया। संगठन की नोएडा शाखा द्वारा मंदिर जी प्रबंधक समिति के पूर्ण समर्थन देने के लिए आभार व्यक्त किया गया।

संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री यश जैन ने बताया कि सिकंदराबाद (उत्तर प्रदेश) से संगठन के विश्वास नगर कार्यालय में आए श्री पवन जैन ने सिकंदराबाद समाज की और से पद यात्रा में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और श्री पवन जैन के साथ आए विश्वास नगर से श्री वेद प्रकाश जैन, छोटा बाजार से श्री विनीत जैन और तेलीवाड़ा से श्री नमन जैन ने पद यात्रा में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। सभी को पद यात्रा के प्रचार के लिए हैंडबिल दिए गए। -**दिनेश जैन**

## श्री विद्यासागर युवा संगठन द्वारा आचार्य छतीसी विधान भक्तिभाव और आनंद के साथ सम्पन्न

**कोटा ( विश्व परिवार )।** श्री दिगंबर जैन पंचायत नसियां में श्री विद्यासागर युवा संगठन के तत्वावधान में आचार्य छतीसी विधान का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री नीरज सागर जी महाराज एवं श्री निर्मद सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में भक्तिभाव से युक्त पूजन विधान संपन्न हुआ।

विधान पूजा एवं प्रायोजक सम्मान- श्री विद्यासागर युवा संगठन के सदस्यों द्वारा विधिपूर्वक विधान पूजा संपन्न कराई गई। श्री आदिनाथ भगवान के रजत कलशों से शांतिधारा करने का सौभाग्य राजकुमार यशोधर पहाड़िया अशोक कुमार उज्जवल पुष्प काला परिवार को प्राप्त हुआ मंगल कलश प्राप्त करने का सौभाग्य राजकुमार पहाड़िया अशोक काला सुमित पहाड़िया प्रेमचंद मुकेश कुमार जैन घनश्यामदास शास्त्री रूपचंद काटीवाल परिवार को प्राप्त हुआ है इस आयोजन में विधान पूजा सामग्री प्रायोजक श्री राजकुमार जी-चंदा जी, यश-अमानी जी जैन पहाड़िया परिवार रहे, वहीं वात्सल्य भोज का प्रायोजन श्री धर्मचंद जी-शकुंतला देवी जी, लोकेश जी-प्रीति जी, संदीप जी-दीपिका जी जैन काला परिवार (अरिहंत ट्रांसपोर्ट, कोटा-ब्यावर वाले) द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में प्रायोजक परिवारों का तिलक एवं माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान महिलाओं एवं पुरुषों ने भक्ति-भाव से पूर्ण आचार्य छतीसी विधान पूजन में भाग लिया और आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति प्राप्त की।

इस अवसर पर श्री दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष अशोक काला मंत्री दिनेश अजमेरा विजय फागीवाला शशिकांत गदिया अमित गोधा विकल कासलीवाल अतुल पाटनी कमल रावका शशिकांत गदीया महेंद्र जैन श्रीपाल अजमेरा कमल जैन कल्पेश जैन सन्मति रावका उज्जवल काला सुमित पहाड़िया अशुल रानी वाला अक्षत कटारिया अंकित रावका यश पहाड़िया आशीष गदीया श्रेणीक छाबड़ा चंद्रेश रावका चंचल जैन पीयूष जैन सहित का संस्था के सदस्यों ने सफल आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

**64 रिद्धि दीप प्रज्वल-** श्री दिगम्बर जैन समाज के प्रवक्ता अमित गोधा ने बताया कि परम पूज्य सन्त शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज के नवाचार्य परम पूज्य 108 श्री समय सागर जी महाराज के प्रभावक शिष्य श्री 108 नीरज सागर जी महाराज व श्री 108 निर्मद सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में दिनाक 17 फरवरी6 सोमवार8 को श्री दिगंबर जैन पंचायती नसिया में में जन जन के सन्त आचार्य भगवन गुरुवर श्री 108 विद्या सागर जी महाराज जी प्रथम समाधि स्मृति दिवस के अवसर पर 64 ऋद्धि मंत्रो द्वारा। दीप प्रज्वलन मुनि श्री के मुखारबिंद मंत्रो का जाप किया जाएगा।

श्री दिगंबर जैन पंचायती नसियां धर्मसभा में हुआ ज्ञान और विनय का महत्त्वपूर्ण प्रवचन- श्री दिगंबर जैन पंचायती नसियां में आयोजित धर्मसभा में परम पूज्य आचार्य श्री नीरज सागर जी महाराज एवं श्री निर्मद सागर जी महाराज ने ज्ञान और विनय के महत्व पर गहन प्रवचन दिया।

महाराजश्री ने बताया कि ज्ञान की शोभा विनय और नम्रता से होती है। विनय ही वह आधार है, जो ज्ञान को सार्थक और प्रभावशाली बनाता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सुगंधहीन फूल का कोई मूल्य नहीं होता, वैसे ही विनय रहित ज्ञान भी निष्फल हो जाता है।

धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और गुरुवर के वचनों से लाभान्वित हुए। प्रवचन के दौरान आत्मशुद्धि, सदाचार और संयम का भी महत्व समझाया गया। सभा का समापन मंगल पाठ के साथ हुआ।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर मंगलवार 18 फरवरी 2025



# ओपन थिएटर से गढ़कलेवा में शिफ्ट कराई गई चैपाटी

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा अंचल के ओपन थिएटर क्षेत्र में खोमचा कारोबार को संचालित करने की जिद् कर रहे व्यवसायियों को आखिरकार गढकलेवा में जाना पड़ा। निगम के दबाव पर उन्हें गढकलेवा में भेज दिया गया है। संतुष्टि के लिए प्रवेश द्वार पर चैपाटी लिख दिया गया है ताकि संदेह दूर हो सके। कोरबा जिला नगर निगम का कहना है कि जिस उद्देश्य से गढकलेवा बनाया गया और उस पर कई प्रकार के सुधार कार्य कराए गए ऐसे में उपयोगिता तय होना चाहिए। बेमन से नई जगह पर पहुंचे कारोबारियों ने फिर दोहराया कि व्यवसाय की स्थिति देखेंगे और अच्छे नतीजे नहीं आने पर फिर पुरानी जगह पर आएंगे। फास्ट फूड से लेकर कई प्रकार के खानपान की चीजों पर आधारित खोमचा कारोबार से जुड़े हुए लोगों की संख्या सबसे ज्यादा है, जो कोरबा के ओपन थिएटर क्षेत्र में लंबे समय से अपनी दुकान लगाते रहे हैं।

लगातार इनकी संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। इनसे अलग हटकर इतनी ही संख्या में ऐसे कारोबारी के महानदी कंपलेक्स, निहारिका,कोसाबाड़ी, ट्रांसपोर्ट नगर, सीएसईबी चैक, ओवर ब्रिज अग्रसेन रोड से लेकर सीतामढ़ी तक अपनी दुकानें संचालित कर रहे हैं। इसके माध्यम से उन्हें इतनी आमदनी हो जा रही है जिसके जरिए अपने परिवार की जीविका को आसानी सक्षम और समर्थ हो पा रहे हैं। ओपन थिएटर क्षेत्र को विभिन्न कार्यक्रमों के लिए सुरक्षित किया गया है और इस प्रकार की व्यवस्थाएं की गई है। आए दिन यहां पर राजनीतिक सभाओं से लेकर विभिन्न संस्थाओं के कार्यक्रम होते हैं। इस वजह से सभा स्थल के आसपास खोमचा कारोबार करने लोगों को हटाना पड़ता है। इस पर भी उनकी नाराजगी स्वाभाविक रूप से सामने आती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका निगम ने पिछले वर्षों में लगभग 20 लाख रुपए खर्च कर नजदीक में ही गढ़कलेवा को विकसित किया। हालांकि कुछ महीने तक ही इस स्थान पर छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के साथ दूसरे कारोबार चल सके। चोरी-चकारी के काम में लगे तत्वों की गतिविधियों से यहां का काफी सामान चोरी हो गया और इसी बहाने के साथ कारोबार करने वाले लोग एक बार फिर से ओपन थिएटर में जम गए। लंबे समय तक इन्हें राहत मिली लेकिन निगम ने आखिरकार पुराने गढ़कलेवा को ही चैपाटी के नए नाम से संचालित करने की नीति बनाई और इस पर क्रियान्वयन करना सुनिश्चित किया। इस जगह पर ग्राहक नहीं आने और व्यवसाय नहीं होने की बात करते हुए कारोबारी ने दबाव बनाया और लंबे समय तक राहत प्राप्त कर ली। लेकिन व्यवस्था होने के बाद निगम ने नई जगह पर कारोबारी की शिफ्टिंग आखिरकार कर दी है। ऐसे लोगों को मौके पर जगह दी गई है और कहा गया है कि अब उन्हें यहां पर ही अपना काम करना होगा। ऐसे कारोबारी को यहां पर अपने ठिकाने ले जाते हुए देखा गया। उनका कहना है कि जो व्यवस्था दी गई है उसके हिसाब से काम तो करना ही होगा। चैपाटी संगठन के एक प्रतिनिधि ने बताया कि वे कम से कम एक महीने यहां पर अपने लोगों के साथ काम करेंगे। इस दौरान देखा जाएगा की पुरानी और नई जगह में किस प्रकार का अंतर है। ग्राहकों के आने और व्यवसाय की आर्थिक स्थिति के आधार पर चीजों का विश्लेषण किया जाएगा। सब कुछ अनुकूल रहा तो कोई बात नहीं लेकिन दूसरे हालत में उन्हें पुरानी जगह पर लौटने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। दूसरी और नगर पालिका निगम की ओर से साफ तौर पर कह दिया गया है कि जो ढांचा का व्यवस्था नवीन जगह पर की गई है उसके अपने मायने हैं और यहां पर कारोबार संचालन हमारी प्रतिबद्धता है। इस बारे में किसी प्रकार के दूसरे विकल्प अपनाने और समझौते करने की जरूरत नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण पर चलाया बुलडोजर

**कोरबा(विश्व परिवार)।** नगर के निहारिका क्षेत्र में चैपाटी को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। नगर निगम ने नियमों का उल्लंघन कर रहे अवैध रूप से संचालित ठेले-खोमचे वालों के खिलाफकड़ी कार्यवाही करते हुए तीन ठेलों पर जेसीबी चला दी, जिससे वहा हंगामा मच गया। कोरबा नगर निगम ने ओपन थिएटर ग्राउंड के पास गढ़कलेवा में एक व्यवस्थित चैपाटी तैयार की थी, जहां ठेले-खोमचे वालों को बिजली, पानी सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान की गई थीं। इसके बावजूद कई व्यापारियों ने वहां जाने से इंकार कर दिया और खुले मैदान में ही ठेले लगाने लगे। इस पर नगर निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट निर्देश जारी किए कि यदि चैपाटी का संचालन करना है तो निर्धारित स्थान पर ही किया जाए, अन्यथा अवैध रूप से संचालित ठेले हटा दिए जाएंगे। उक्त आदेश का पालन करते हुए नगर के अधिकांश ठेले व्यवस्थित चैपाटी में चले गए, लेकिन कुछ ठेलेवाले पुराने स्थान पर ही डटे रहे। जानकारी के अनुसार जब इन नियमों का पालन नहीं हुआ, तो नगर निगम ने जेसीबी बुलाकर अवैध रूप से संचालित इन ठेलों और गुमटियों को हटा दिया। इस कार्यवाही से व्यापारियों में भारी आक्रोश फैल गया और उन्होंने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। व्यापारियों का आरोप था कि नई जगह ग्राहक नहीं आ रहे, जिससे उनके व्यवसाय को नुकसान हो रहा है। उन्होंने निगम की कार्यवाही को तानाशाही करार देते हुए आंदोलन की चेतावनी भी दी। नगर निगम का कहना है कि शहर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अतिक्रमण हटाना आवश्यक है। अधिकारियों ने साफ कर दिया कि ओपन थिएटर ग्राउंड में अब कोई भी ठेला नहीं लगाने दिया जाएगा और यदि किसी ने दोबारा वहां ठेला लगाया तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। बताया जा रहा हैं की इस विवाद के चलते व्यापारियों और प्रशासन के बीच तनाव बना हुआ है। जहां व्यापारी अपने हक की लड़ाई लड़ने की बात कर रहे हैं, वहीं प्रशासन शहर को व्यवस्थित रखने के अपने फैसले पर अडिग है।

### छग राज्य ग्रामीण बैंक की नई शाखा का शुभारंभ

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिलान्तर्गत कटघोरा नगरवासियों और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को एक बड़ी सौगात मिली है। लंबे समय से की जा रही मांग के बाद छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की नई शाखा का उद्घाटन किया गया। इस शाखा के खुलने से बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच आसान होगी और ग्राहकों को बेहतर सुविधाएँ मिलेंगी। बैंक की नई शाखा के उद्घाटन समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के चेयरमैन विनोद अरोरा सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाली सुविधाएँ प्रदान करना और बैंकिंग कार्यों को सरल बनाना है। उन्होंने यह भी कहा कि बैंकिंग सेवाओं को सहज और सुगम बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। इसके साथ ही, बैंक कर्मियों के लिए भी एक बेहतर कार्य वातावरण सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नई शाखा में ग्राहकों को विभिन्न प्रकार की बैंकिंग सुविधाएँ दी जाएंगी, जिनमें सभी तरह के लोन कृषि, व्यवसाय, गृह निर्माण और व्यक्तिगत ऋण उपलब्ध रहेंगे। यह शाखा विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को वित्तीय सहयोग प्रदान करने के लिए कारगर साबित होगी। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक पहले से ही प्रदेश में अपनी 600 से अधिक शाखाओं के माध्यम से ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ दे रहा है। इस नई शाखा के खुलने से कटघोरा और आसपास के ग्रामीण इलाकों के लोगों को निकटतम बैंकिंग सुविधा का लाभ मिलेगा। इस पहल से न केवल बैंकिंग सेवाओं में सुधार होगा, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी बल मिलेगा। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने इस कदम का स्वागत करते हुए इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।

### ओव्हरब्रिज में सर्वमंगल कोरबा का लगाया गया साईन बोर्ड

**कोरबा(विश्व परिवार)।** नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय के निर्देश पर कोरबा पुराने शहर में संचालित मुरारका पेट्रोल पंप के ऊपर ओव्हरब्रिज में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा लगाया गया सर्वमंगल कोरबा'' का चमकता साईन बोर्ड पावर हाउस रोड को एक नया लुक दे रहा है। शहर सौदर्यीकरण की दिशा में निगम द्वारा किए जा रहे विविध कार्यो के अंतर्गत ओव्हरब्रिज पर लगाया गया, यह साईन बोर्ड एक ओर जहाँ पावर हाउस रोड से गुजरने वाले लोगों का बरबस ही ध्यान आकर्षित कर रहा है, तो वहीं दूसरी ओर शोवरिंग एनर्जी-इम्पावरिंग इंडिया'' का संदेश भी दे रहा है। ओव्हरब्रिज के जिस स्थल पर सर्वमंगल कोरबा'' का यह आकर्षक साईन बोर्ड लगाया गया है, पूर्व में वहाँ पर अतिक्रमण कर निजी व व्यवसायिक प्रचार प्रसार के फ्लैक्स बैनर लगाकर स्थल का दुरूपयोग किया जा रहा था, अब वह स्थल अतिक्रमण से मुक्त होकर वहाँ के परिवेश को आकर्षक लुक देने का कार्य कर रहा है।

# बालको हॉस्पिटल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के साथ डायलिसिस यूनिट की शुरुआत

**कोरबा-बालकोनगर(विश्व परिवार)।** बालको हॉस्पिटल में किडनी रोगियों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से डायलिसिस यूनिट की शुरुआत की गई है। इस अत्याधुनिक यूनिट की स्थापना से उन मरीजों को सुलभ और उच्च-गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी, जिन्हें नियमित डायलिसिस की आवश्यकता होती है। बालको हॉस्पिटल वर्षों से क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। डायलिसिस यूनिट की शुरुआत के साथ, अब किडनी रोगियों को बेहतर इलाज

के लिए अन्य शहरों की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। इस यूनिट में नवीनतम मशीनों और तकनीकों का उपयोग किया गया है, जिससे मरीजों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी। डायलिसिस यूनिट का शुभारंभ सुश्री देशनी नायडू, सीईओ वेदांता रिसोर्सेस द्वारा किया गया। इस अवसर पर बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार के साथ ही अन्य अधाकारी उपस्थित थे। बालको हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक सिन्हा ने बताया कि इस यूनिट की स्थापना से उन मरीजों को विशेष लाभ मिलेगा, जिन्हें क्रोनिक किडनी डिजीज (ब्लक) या अन्य किडनी संबंधी समस्याओं के कारण नियमित डायलिसिस की जरूरत होती है।

# 40 लीटर देशी कच्ची महुआ शराब के साथ विक्रेता गिरफ्तार

**मुंगेली(विश्व परिवार)।** जिले की लालपुर थाना पुलिस ने नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव के मद्देनजर अवैध विक्रेता पर कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया है। बता दें कि मुंगेली पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल (भा.पु.से.) द्वारा नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव के मद्देनजर जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को अवैध गतिविधियों एवं मादक पदार्थ बिक्री व तस्करी करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने निर्देश दिया गया है, उक्त निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुंगेली सुश्री नवनीत कौर छाबड़ा एवं उप पुलिस अधीक्षक लोरमी श्रीमती माधुरी धिरही से मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना लालपुर पुलिस एवं साइबर सेल की टीम को दिनांक 14.02.2025 को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम फुलवारी कलां दैहान के पास एक व्यक्ति अत्यधिक मात्रा में अवैध देशी कच्ची महुआ शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर लालपुर पुलिस व साइबर सेल टीम द्वारा गवाहों साथ तस्दीक हेतु रवाना हुये, मुखबीर द्वारा बताये स्थान ग्राम फुलवारी कलां दैहान के पास एक व्यक्ति मिला जिसे पूछताछ करने पर अपना नाम साजन चतुर्वेदी पिता राजकुमार चतुर्वेदी उम्र 45 वर्ष निवासी फुलवारी कलां थाना लालपुर का होना बताया तथा तलाशी लेने पर उसके कब्जे से दो प्लास्टिक जरीकेन में 30 एवं 10 लीटर जुमला 40 लीटर अवैध देशी कच्ची महुआ शराब कीमत 8000 रूपये मिला।

## अवैध रूप से महुआ शराब बना रहे दो आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले की दीपका थाना पुलिस ने ग्राम केराकछार से अवैध रूप से महुआ शराब बनाने तथा भंडारण करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से 180 लीटर महुआ शराब, शराब बनाने में प्रयुक्त गैस सिलेंडर, चूल्हा, बर्तन जब्त किया है। साथ ही पुलिस ने मौके पर मिले 500 किलो महुआ लहान व भट्ठी नष्ट किया है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक, जिला कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितिश ठाकुर, यातायात एवं साइबर प्रभारी रविंद्र कुमार मीना (भा.पु.से.) एवं नगर पुलिस अधीक्षक विमल पाठक के मार्गदर्शन में थाना दीपका पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम केराकछार में छापामार कार्रवाई की गई। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने अवैध रूप से महुआ शराब बना रहे दो आरोपियों इंद्र कुमार धनुवार उम्र 45 वर्ष सा ठुकेराकछार थाना दीपका जिला कोरबा तथा कमल गोंड उम्र 28 वर्ष थाना दीपका जिला कोरबा को पकड़कर उनके पास से 180 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। शराब के साथ ही, शराब निर्माण में प्रयुक्त बर्तन, गैस सिलेंडर जप्त किया गया एवं लगभग 500 किलोग्राम महुआ लहान एवं भट्ठी को नष्ट कर दिया गया। इस संबंध में थाना दीपका में उपरोक्त आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने रोका नाबालिक का बाल विवाह

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश साहू के कुशल मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल के नेतृत्व में सूरजपुर को बाल विवाह मुक्त बनाने की ओर जिला प्रशासन की संयुक्त टीम पूरी तरह अग्रसर है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल को सूचना प्राप्त हुई की नगर केन्द्र सूरजपुर में एक 17 वर्ष 06 माह की लडकी का बाल विवाह किया जाने वाला है जिसकी



सूचना जिला कार्यक्रम अधिकारी को दी गई जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देश पर संयुक्त टीम का गठन कर तत्काल मौके पर जांच एवं कार्यवाही हेतु टीम जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायवाल एवं परियोजना अधिकारी श्रीमती वर्षा अग्रवाल के साथ पहुंची, वहीं जांच करने पर पाया कि बालिका का उम्र 17 वर्ष 07 माह 20 दिन हो रहा है मण्डप की तैयारी की जा रही है और परिवार वाले तिलक की रस्म करने के लिए कोरिया जाने की तैयारी में हैं परिवारजनो को समझाईस दिया गया कि अभी लडकी विवाह योग्य नही है 18 वर्ष पूर्ण करने पर ही विवाह किया जा सकता है उसके पूर्व विवाह करने पर बाल विवाह प्रतिशेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया जायेगा जिसके तहत एक लाख रूपये जुर्माना एवं दो वर्ष की सजा का प्रावधान दिया गया है समझाईस पर परिवार जनो ने बालिका के 18 वर्ष पूर्ण होने पर विवाह करने की सहमती प्रदान की जिसका वचन पत्र कथन मौका पंचनामा बालिका का कथन लिया गया वहां उपस्थित सभी को बाल विवाह नही करने और बालविवाह के दुष्परिणाम में संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही सभी को बाल विवाह मुक्त भारत, बाल विवाह मुक्त छ0ग0, बाल विवाह मुक्त सूरजपुर बनाने की अपील की गई सभी ने बाल विवाह मुक्त अभियान में अपनी सहभागिता देने की बात कहीं, सभी को टोल फ्री न0 चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, टोल फ्री न0 महिला हेल्पलाइन 181, आपातकालीन टोल फ्री न0 112 की जानकारी प्रदान की गई।

# पसान रेंज में दो खतरनाक दंतैल हाथी की दस्तक, बोकरामुड़ा में मचाया उत्पात

**कोरबा(विश्व परिवार)।** पड़ोसी जीपीएम जिले से दो खतरनाक दंतैल हाथियों ने एक बार फिर कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में दस्तक दे दिया है। दंतैल हाथियों ने यहां पहुंचते ही रेंज के बोकरामुड़ा गांव में जमकर उत्पात मचाया और इंदरपाल नामक ग्रामीण के घर के सीट को तोडने के साथ ही उनके बाड़ी में लगे सब्जी के पौधों को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया जिससे इंद्रपाल को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। दंतैल हाथियों के क्षेत्र में पहुंचने से जहां ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है वहीं वन विभाग भी सतर्क हो गया है। मुनादी कराने के साथ ग्रामीणों को सावधान किया जा रहा है। उनसे कहा जा रहा है कि क्षेत्र में खतरनाक दंतैल हाथियों की दस्तक हो गई है अतरू वे

इनसे दूरी बनाए रखें और जंगल भी न जाएं। बताया जाता है कि दंतैल हाथियों की दस्तक रात में हुई। एकाएक हाथियों के आने से क्षेत्र में हडकंप मच गया। ग्रामीणों द्वारा तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी गई जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और दंतैल हाथियों को खदेडने की कार्यवाही की। वन अमला द्वारा खदेड़े जाने पर हाथियों ने जंगल का रूख किया और सिंदुरगढ़ होते हुए तनेरा पहुंच गया। वर्तमान में दोनों दंतैल यहां के जंगल के कक्ष क्रमांक ओएच 641 में विचरण कर रहे हैं जिसकी गहन निगरानी वन विभाग द्वारा की जा रही है। इससे पहले भी ये दोनों दंतैल पसान रेंज में पहुंचकर भारी उत्पात पहुंचा चुके हैं। दंतैल हाथियों के उत्पात से ग्रामीण एवं वन अमला काफी परेशान था। इस बीच 34 हाथियों का दल कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में फिर लौट आया है। हाथियों के धरमजयगढ़ जाने से वन विभाग ने राहत की सांस ली थी लेकिन 24 घंटे के भीतर ही वापस लौटने से एक बार फिर परेशानी बढ़ गई है।

## अवैध शराब विक्रय करते एक आरोपी पकड़ाया

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले की पुलिस सहायता केंद्र जाटगा थाना कटघोरा पुलिस ने अवैध रूप से शराब का विक्रय कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 94 पौवा अंग्रेजी गोवा शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना कटघोरा पुलिस को मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि आरोपी संतोष कुमार मरकाम अपने मकान के परछी में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बिक्री के प्रयोजन से रखा है। सूचना पर चौकी जटगा से चौकी प्रभारी सुरेश जोगी प्रधानारक्षक 128 वीरेंद्र सिंह आरक्षक सुपेट सिंह के साथ मौका जाकर रेड करने पर आरोपी संतोष कुमार मरकाम निवासी मराई चौकी जटगा थाना कटघोरा के द्वारा अपने मकान के परछी में 94 पाव अंग्रेजी गोवा शराब रखे होना पाया गया,जिसे जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2 )आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

www.dainikvishwaparivar.com
vishwaparivarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

खेल-व्यापार

रायपुर, मंगलवार 18 फरवरी 2025



## व्यापार समाचार

### भारत-अमेरिका के बीच समुद्र में अंडरसी केबल बिछाएगा मेटा

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप की प्रवर्तक कंपनी मेटा ने 50,000 किलोमीटर की लंबाई के अंडरसी केबल प्रोजेक्ट %वाटरवर्थ% का ऐलान किया है। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य भारत-अमेरिका के बीच डिजिटल कनेक्टिविटी को बढ़ाना है। माना जा रहा है कि इस प्रोजेक्ट से दोनों देशों के बीच हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी का एक नया दौर शुरू होगा और इससे भारत के डिजिटल इकोसिस्टम को भी सपोर्ट मिलेगा। मेटा ने बताया कि नया प्रोजेक्ट वाटरवर्थ अमेरिका, भारत, ब्राजील, साउथ अफ्रीका और अन्य महत्वपूर्ण रीजन में इंडस्ट्री-लीडिंग कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएगा और यह प्रोजेक्ट इस दशक के अंत तक पूरा हो सकता है। कंपनी ने आगे कहा कि प्रोजेक्ट वाटरवर्थ से इन इलाकों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ेगा, डिजिटल पहुंच बढ़ेगी और टेक्नोलॉजी विकास के नए अवसर खुलेंगे। एक बार जब यह प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा, इससे दुनिया के पांच महाद्वीप जुड़े होंगे और इसकी लंबाई 50,000 किलोमीटर होगी। यह उपलब्ध उच्चतम क्षमता वाली टेक्नोलॉजी का उपयोग करके बनाई गई दुनिया का सबसे लंबा समुद्री केबल प्रोजेक्ट होगा। मेटा के लिए यह प्रोजेक्ट काफी अहम है, क्योंकि कंपनी के सभी प्लेटफॉर्म पर भारत में यूजर्स की संख्या 100 करोड़ से भी ऊपर है। भारत में हाई-स्पीड इंटरनेट भी तेजी से गांव और कस्बों तक पहुंच रहा है। ऐसे में मेटा इन सभी को अपने यूजर्स के रूप में देखती है और इससे कंपनी के लिए कमाई के नए रास्ते खुलेंगे। मेटा ने अपने ब्लॉग पोस्ट में लिखा कि कंपनी अपनी तरह की पहली रूटिंग का उपयोग कर रही है, जिसके तहत समुद्र में 7,000 मीटर तक की गहराई पर पानी में केबल बिछाई जाएगी।

### ऑटो टैरिफ योजना पर ट्रंप जल्द करेंगे बड़ा ऐलानें

**वाशिंगटन( एजेंसी )।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अप्रैल की शुरुआत में आयातित कारों पर टैरिफ की घोषणा करेंगे, जो दक्षिण कोरियाई ऑटोमोटिव उद्योग के लिए एक बड़ा झटका हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति 2 अप्रैल को ऑटो टैरिफ की घोषणा करने जा रहे हैं। ट्रंप टैरिफ का इस्तेमाल अमेरिका के व्यापार घाटे को कम करने, घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और अनधिकृत प्रवासियों और ड्रग्स के प्रवाह को रोकने सहित दूसरे नीतिगत लक्ष्यों को पाने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में कर रहे हैं। ट्रंप की टैरिफ-आधारित नीति के बीच, यह आशंकाएं बढ़ रही हैं कि एशिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था उनके प्रशासन के निशाने पर आ सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ दक्षिण कोरिया का व्यापार अधिशेष 55.7 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया था। ट्रंप ने अपने सहयोगी से पूछा, मुझे लगता है कि हम इसे 2 अप्रैल को करने जा रहे हैं। क्या यह सही है? जिसके जवाब में उनके सहयोगी ने कहा, यह सही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया कि क्या वे 2 अप्रैल को ही टैरिफ की घोषणा करेंगे या वे उसी दिन प्रभावी हो जाएंगे। दक्षिण कोरिया के लिए अमेरिका एक टॉप ऑटो निर्यात बाजार है। पिछले साल दक्षिण कोरिया के कुल कार निर्यात में से, अमेरिका को निर्यात 34.7 बिलियन डॉलर या 49.1 प्रतिशत था। द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते के तहत 2016 से कोरियाई कारों पर कोई अमेरिकी टैरिफ नहीं लगाया गया है। ऑटो टैरिफ की घोषणा ऐसे समय में हुई है जब ट्रंप प्रशासन अमेरिकी आयातों पर %रेसिप्रोकल% टैरिफ लगाने पर जोर दे रहा है, जो दूसरे देशों द्वारा अमेरिकी वस्तुओं पर लगाए जाने वाले टैरिफ से मेल खाएगा। इससे पहले ही 12 मार्च से स्टील और एल्युमीनियम आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की योजना की घोषणा कर दी गई है, जबकि चिप्स और फार्मास्यूटिकल्स पर नए टैरिफ पर विचार किया जा रहा है। दक्षिण कोरियाई अधिकारी ट्रंप की टैरिफ घोषणाओं पर बारीकी से नजर रख रहे हैं, क्योंकि उन्हें चिंता है कि दिसंबर की शुरुआत में राष्ट्रपति यून सुक योल के मार्शल लॉ के प्रयास के कारण सोल में राजनीतिक अनिश्चितता के बीच वाशिंगटन के साथ पॉलिसी कॉर्डिनेशन पहले के मुकाबले धीमा हो सकता है। दक्षिण कोरियाई विदेश मंत्री चो ताए-युल ने कहा है कि वह शनिवार को जर्मनी के म्यूनिख में एक अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मंच के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ टैरिफ मुद्दे पर चर्चा करने की योजना बना रहे हैं।

### चैंपियंस ट्रॉफी में विराट कोहली के नाम हो सकता है बड़ा रिकॉर्ड

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी से हो रही है. आईसीसी का ये मेगा इवेंट विराट कोहली के लिए बेहद यादगार हो सकता है. कोहली के नाम एक बड़ा उपलब्धि दर्ज हो सकती है साथ ही वे एक दिग्गज बल्लेबाज को पीछे भी छोड़ सकते हैं. इंग्लैंड के खिलाफ हाल में संपन्न वनडे सीरीज के आखिरी मैच में कोहली ने अर्धशतक लगाकर फॉर्म में लौटने और ऐतिहासिक उपलब्धि को हासिल करने के संकेत दिए हैं. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान विराट कोहली अपने वनडे करियर के 14000 रन पूरे कर सकते हैं. कोहली ने अबतक 297 वनडे की 285 पारियों में 13963 रन बनाए हैं. सिर्फ 37 रन बनाते ही न सिर्फ वे 14,000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बनेंगे बल्कि वनडे के सबसे तेज चौदह हजारी बन सकते हैं. सचिन ने 359 मैच की 350 और संगाकारा ने 402 मैच की 378 पारी में 14000 रन का आंकड़ा छुआ था. चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान विराट के पास वनडे में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में कुमार संगाकारा को पीछे छोड़ने और दूसरा स्थान हासिल करने का मौका है. संगाकारा ने 14234 रन बनाए हैं. 272 रन और बनाते ही कोहली श्रीलंका के इस दिग्गज को पीछे छोड़ देंगे. 18426 रन बनाकर सचिन तेंदुलकर पहले स्थान पर हैं. 2009 से 2017 के बीच विराट कोहली ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के 13 मैचों की 12 पारियों में 88.16 की औसत से 529 रन बनाए हैं. सर्वाधिक स्कोर नाबाद 96 है. विराट के ये रिकॉर्ड चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान उनके शानदार फॉर्म को प्रदर्शित करता है. टीम इंडिया उम्मीद करेगी कि वे आगामी इवेंट में अपने इसी फॉर्म को बरकरार रखें. विराट ने वनडे करियर में 50 शतक लगाए हैं लेकिन अबतक वे चैंपियंस ट्रॉफी में शतक नहीं लगा सके हैं. इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए विराट के पास आगामी चैंपियंस ट्रॉफी आखिरी मौका है.

## त्रिकोणीय सीरीज जीतना न्यूजीलैंड के लिए चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अच्छी बात होगी : टिम साउदी



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउदी को लगता है कि मेजबान पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में ट्राई-नेशन सीरीज में ब्लैककैप्स की जीत चैंपियंस ट्रॉफी में टीम के लिए बड़ी बढ़त होगी। न्यूजीलैंड ने सीरीज में अजेय रहते हुए फाइनल में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया। साउथी ने आईसीसी के साथ एक विशेष बातचीत में कहा, टीम ने जिस तरह से खेला है, उसमें अलग-अलग खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है।यह कुछ अनुभवी खिलाड़ियों और कुछ रोमांचक युवा खिलाड़ियों का एक अच्छा मिश्रण है, जिनमें बहुत संभावनाएं हैं। इस त्रिकोणीय श्रृंखला का अनुभव उन्हें टूर्नामेंट के लिए बेहतर साबित होने जा रहा है। इसलिए, टूर्नामेंट में कुछ गति लेना और उन परिस्थितियों के अभ्यस्त होना, यह केवल एक अच्छी बात होगी। जैसा कि न्यूजीलैंड 2000 के बाद से अपना पहला चैंपियंस ट्रॉफी खिताब हासिल करने की कोशिश कर रहा है, साउदी ने स्वीकार किया कि टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण में खुद और ट्रेंट बोल्ट दोनों की अनुपस्थिति के कारण अनुभव की कमी है। हालांकि, तेज गेंदबाज ने विल ओ'रुरके और नाथन स्मिथ पर भरोसा जताया और इस महत्वपूर्ण चरण में जिम्मेदारी लेने के लिए उनका समर्थन किया। ट्रेंट और मेरा आईसीसी इवेंट में न होना कुछ अलग है, लेकिन साथ ही, यह रोमांचक भी है। इन इवेंट का हिस्सा बनना शानदार है और अब यह इन खिलाड़ियों के सामने है, मैं यह देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं कि वे कैसा प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने कहा, विल ओ'रुरके, टेस्ट मैच में हमने देखा है कि वह क्या कर सकते हैं वह अभी भी बहुत युवा है, लेकिन उसके पास वे सभी गुण हैं जो उसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बहुत सफलता दिलाएंगे। मैं उसे उसके पहले आईसीसी इवेंट में देखने के लिए, उत्सुक हूं। नाथन स्मिथ को अपने बारे में बहुत आत्मविश्वास है, और वह खुद पर विश्वास करता है, जो मुझे लगता है कि इस स्तर पर आपको चाहिए। साउदी ने इसके अलावा केन विलियमसन और कप्तान मिशेल सेंटनर को कीवी अभियान का मशालवाहक बनने का समर्थन किया। उन्होंने कहा, केन अच्छी फॉर्म में है, उसे कुछ स्कोर बनाते हुए देखना अच्छा लगा, वह क्लास है। उसने पिछले कुछ सालों से बहुत ज्यादा वनडे क्रिकेट नहीं खेला है, लेकिन उसे वापस आते हुए और दो महत्वपूर्ण योगदान देते हुए देखना वही है जो हम देखने के आदी हैं।

## अल्काराज के बाद सबसे कम उम्र के एटीपी क्ले कोर्ट फाइनलिस्ट बने फोंसेका

अर्जेंटीना ओपन

**ब्यूनस आयर्स( एजेंसी )।** 18 वर्षीय ब्राजीलियाई जोआओ फोंसेका ने सर्बियाई लास्लो जेरे को एक नाटकीय सेमीफाइनल में 7-6(3), 5-7, 6-1 से हराकर अर्जेंटीना ओपन के फाइनल में प्रवेश किया, जिससे वह 2021 में कार्लोस अल्काराज़ के बाद क्ले कोर्ट पर सबसे कम उम्र के एटीपी फाइनलिस्ट बन गए। 2001 (ब्यूनस आयर्स) में पूर्व विश्व नंबर 20 अर्जेंटीना के जोस अकासुसो के बाद सबसे कम उम्र के दक्षिण अमेरिकी एटीपी टूर फाइनलिस्ट, फोंसेका पांचवें वरीय फॉसिस्को सेरुंडोलो के खिलाफ अपना पहला एटीपी टूर खिताब हासिल करने



की कोशिश करेंगे, जिन्होंने एक घंटे और 33 मिनट में स्पैनियार्ड पेड्रो मार्टिनेज को 6-2 6-4 से हराया। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, 18 साल 5 महीने और 26 दिन की उम्र में, फोंसेका 2000 के बाद से 10वें सबसे कम उम्र के एटीपी टूर फाइनलिस्ट हैं और ओपन एरा में सबसे कम उम्र के ब्राजीलियाई एटीपी फाइनलिस्ट हैं। फोंसेका ने नेक्स्ट जेन एक्सेलेरेटर प्रोग्राम के माध्यम से ब्यूनस आयर्स में प्रवेश प्राप्त किया, जिसे इस वर्ष विस्तारित किया गया था, जिससे शीर्ष 250 में स्थान पाने वाले 20 और उससे कम उम्र के खिलाड़ियों को इस सत्र में एक एटीपी 250 मुख्य ड्रॉ स्पॉट और दो एटीपी 250 क्वालीफाइंग इवेंट के लिए पात्रता प्राप्त हुई। ब्राजील के इस खिलाड़ी ने 27 फोरहैंड विनर और 11 बैकहैंड विनर लगाए। उन्होंने शुरुआती सेट में छह ब्रेक पॉइंट बनाए, लेकिन उन्हें कन्वर्ट नहीं कर पाए। एटीपी के अनुसार, टाई-ब्रेक में जाने पर, फोंसेका ने अपना धैर्य बनाए रखा और 7-3 से जीत हासिल की।

## मुजीब उर रहमान ने मुंबई इंडियंस की टीम में चोटिल अल्लाह गजनफर की जगह ली

आईपीएल 2025

**मुंबई( एजेंसी )।** अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीब उर रहमान ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन से पहले मुंबई इंडियंस की टीम में अपने हमवतन अल्लाह ग़ज़नफ़र की जगह ली है। किशोर स्पिनर ग़ज़नफ़र एल4 वर्टिब्रा में फ्रैक्चर के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे, विशेष रूप से बाएं पैर के इंटरआर्टिकुलरिस में, जो उन्हें दिसंबर में अफगानिस्तान के जिम्बाब्वे दौरे पर लगी थी। मुंबई स्थित फ्रेंचाइजी ने पिछले नवंबर में आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में ग़ज़नफ़र को 4.80 करोड़ रुपये में खरीदा था। आईपीएल के बयान में कहा गया है, मुंबई इंडियंस (एमआई) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के आगामी संस्करण के लिए अल्लाह ग़ज़नफ़र के प्रतिस्थापन के रूप में मुजीब-उर-रहमान को चुना। अल्लाह ग़ज़नफ़र चोट के कारण इस सीजन से बाहर हो गए हैं। दाएं हाथ के ऑफ स्पिनर मुजीब, जिन्होंने 19 आईपीएल



मैच खेले हैं और 19 विकेट अपने नाम किए हैं, 2 करोड़ रुपये के बेस प्राइस पर एमआई में शामिल हुए हैं। उन्होंने आखिरी बार आईपीएल 2021 में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के लिए खेला था। इससे पहले, उन्होंने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के साथ तीन सीजन खेले। 23 वर्षीय ने 256 टी20 में 6.75 की इकॉनमी से 275 विकेट लिए हैं।

## भारत के ई-वेस्ट में छिपा है 'खजाना'

**5,20,96,71,93,000 रुपए की हो सकती है कमाई**

**बेंगलुरु( एजेंसी )।** भारत का ई-वेस्ट एक बड़ा आर्थिक अवसर उपलब्ध करा रहा है। मेटल एक्सट्रैक्शन के जरिए रिकवर किए जाने वाले मटीरियल में 6 बिलियन डॉलर (5,20,96,71,93,000 रुपए) की अनुमानित आर्थिक क्षमता का दावा एक रिपोर्ट कर रही है। शुक्रवार को एक रिपोर्ट के हवाले से ये जानकारी दी गई। भारत अब चीन और अमेरिका के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ई-वेस्ट उत्पादक है। रेडसीर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि देश का ई-वेस्ट वित्त वर्ष 2014 में 2 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) से दोगुना होकर वित्त वर्ष 2024 में 3.8 एमएमटी हो गया है, जो शहरीकरण और बढ़ती आय के कारण हुआ है। मुख्य रूप से घरों और व्यवसायों द्वारा उत्पन्न कंज्यूमर



सेगमेंट ने वित्त वर्ष 2024 में कुल ई-वेस्ट का लगभग 70 प्रतिशत योगदान दिया। ई-वेस्ट उत्पादन में एक बड़ा ट्रेंड मटीरियल की तीव्रता में बदलाव है। जबकि उपकरण अधिक कॉम्पैक्ट और हल्के होते जा रहे हैं, त्यागे गए सामानों की मात्रा बढ़ रही है, जिससे कुशल रीसाइक्लिंग रणनीतियों की आवश्यकता होती है। रेडसीर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट्स के पार्टनर जसबीर एस. जुनेजा ने कहा, आने वाले वर्षों में ई-वेस्ट की मात्रा बढ़ने की उम्मीद है। ई-वेस्ट में मेटल का बढ़ता मूल्य भारत के लिए रिकवरी दक्षता बढ़ाने और खुद को सस्टेनेबल मेटल एक्सट्रैक्शन में लीडर के रूप में स्थापित करने का एक बड़ा अवसर प्रस्तुत करता है। वर्तमान में, भारत में कंज्यूमर ई-वेस्ट का केवल 16 प्रतिशत फॉर्मल रिसाइक्लर द्वारा प्रोसेस किया जाता है। वित्त वर्ष 2035 तक फॉर्मल रिसाइक्लिंग सेक्टर में 17 प्रतिशत सीएजीआर वृद्धि के अनुमानों के बावजूद, इसके द्वारा भारत के ई-वेस्ट का केवल 40 प्रतिशत ही हैंडल करने की उम्मीद है। इस सेक्टर को अनौपचारिक प्लेयर्स से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है, जो कम अनुपालन लागत और व्यापक संग्रह नेटवर्क का लाभ उठाते हैं। इस बीच, 10-15 प्रतिशत ई-वेस्ट घरों में स्टोर रहता है और 8-10 प्रतिशत लैंडफिल में समाप्त हो जाता है, जिससे रिसाइक्लिंग दक्षता कम हो जाती है। एक सस्टेनेबल ई-वेस्ट मैनेजमेंट इकोसिस्टम बनाने के लिए, भारत सरकार ने एक्सटेंडेड प्रोड्यूसर रिस्पॉन्सिबिलिटी (ईपीआर) फ्रेमवर्क पेश किया है। ईपीआर तब से उत्पादकों के लिए परिभाषित संग्रह लक्ष्यों के साथ एक अनिवार्य प्रणाली में विकसित हुआ है।

### गुगल क्रोम यूजर्स हो जाएं अलर्ट, भारत सरकार ने जारी की चेतावनी हो सकता है बड़ा नुकसान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारत सरकार की साइबर सुरक्षा एजेंसी, कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (इश्वरक्क्ष-ढ्ढ) ने गूगल क्रोम इस्तेमाल करने वाले उपयोगकर्ताओं के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण चेतावनी जारी की है। एजेंसी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि विंडोज और मैकओएस ऑपरेटिंग सिस्टम पर गूगल क्रोम ब्राउजर का उपयोग करने वाले सभी उपयोगकर्ता तत्काल सतर्क हो जाएं और अपने ब्राउजर को नवीनतम संस्करण में अपडेट करें। इश्वरक्क्ष-ढ्ढ द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, गूगल क्रोम में कुछ सुरक्षा कमजोरियां पाई गई हैं। ये कमजोरियां एक्सटेंशन ्क्क्र के त्रुटिपूर्ण कार्यान्वयन और स्ष्ठड्ढ, ड्ढ8 के पुराने संस्करणों के उपयोग के कारण उत्पन्न हुई हैं। इन सुरक्षा खामियों का फायदा उठाकर साइबर अपराधी और स्कैमर उपयोगकर्ताओं को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकते हैं। एजेंसी ने बताया कि क्रोम ब्राउजर के मुख्य घटकों में मौजूद ये कमजोरियां उपयोगकर्ताओं के लिए एक बड़ा खतरा पैदा करती हैं। इन कमजोरियों का फायदा उठाकर, दूर बैठा कोई भी हमलावर, बिना आपके डिवाइस को छुए, आपको अपना शिकार बना सकता है। एक विशेष रूप से तैयार किए गए दुर्भावनापूर्ण वेबपेज के माध्यम से आपके डिवाइस में अवैध रूप से प्रवेश किया जा सकता है। इसके बाद, आपकी संवेदनशील निजी जानकारी की चोरी, पहचान की चोरी और यहां तक कि आपके बैंक खातों से धोखाधड़ी जैसी गंभीर आपराधिक गतिविधियां भी की जा सकती हैं।

## अनएकेडमी: जेईई मेन 2025 सेशन 1 के नतीजों ने फिर रचा इतिहास

**नईदिल्ली।** अनएकेडमी, भारत का प्रमुख एडटेक प्लेटफॉर्म, ने जेईई मेन सेशन-1 2025 के नतीजों के साथ एक बार फिर नए कीर्तिमान स्थापित किया हैं। अनएकेडमी के 920+ छात्रों ने 99 परसेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, जो इसकी ऑनलाइन और ऑफलाइन शिक्षा को जोड़ने वाले हाइब्रिड लर्निंग मॉडल की प्रभावशीलता को दर्शाता है। अनएकेडमी के सह-संस्थापक सुमित जैन ने इन शानदार परिणामों पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, हमारे छात्रों ने एक बार फिर अपनी क्षमता और दृढ़ संकल्प को साबित किया है। ये परिणाम हमारे शिक्षकों की प्रतिबद्धता, हमारी अध्ययन सामग्री की गुणवत्ता और हमारे हाइब्रिड लर्निंग मॉडल के प्रभाव को दर्शाते हैं। हमें पूरा विश्वास है कि यह सिर्फ शुरुआत है और हमारे छात्र जेईई, नीट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में नए रिकॉर्ड बनाते रहेंगे। शीर्ष स्कोररों में, सौरव ने 100 परसेंटाइल हासिल किया, उनके बाद उज्ज्वल केसरी (99.999%ile), समृद्ध सरकार (99.992%ile), सृजन अग्रवाल (99.98%ile), यश कुमार (99.98%ile) और कई अन्य प्रतिभाशाली छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन का प्रदर्शन किया। उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ, अनएकेडमी लगातार अपने विस्तार को जारी रखते हुए अब भारत के 50 से अधिक शहरों में 75 से अधिक केंद्रों के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। यह प्लेटफॉर्म छात्रों को उत्कृष्ट संसाधनों, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और व्यापक शैक्षणिक सहयोग प्रदान करने के अपने मिशन पर दृढ़ बना हुआ है, जिससे वे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में शीर्ष रैंक प्राप्त करने के अपने सपने को साकार कर सकें।

## आईआईएम रायपुर ने पूर्णतः वित्तपोषित पीएच.डी. कार्यक्रम 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**रायपुर:** भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर, जिसे व्यवसाय नेतृत्व के निर्माण के लिए जाना जाता है, ने अपने पूर्णकालिक पीएचडी कार्यक्रम 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। आवेदन की अंतिम तिथि 10 मई 2025 निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी के लिए हमें doctoral.admission@iimraipur.ac.in पर लिखें। यह पूर्णकालिक, पूरी तरह से वित्त पोषित कार्यक्रम वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त विद्वानों को विकसित करने के लिए संरचित किया गया है, जो प्रबंधन शोध और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए सक्षम होंगे। इच्छुक उम्मीदवारों को आमंत्रित करते हुए, भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर के निदेशक प्रोफेसर राम कुमार काकानी ने कहा, हमारा संस्थान एक शोध-प्रधान शैक्षणिक वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, जो विद्वानों को ज्ञान और नवाचार की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए सशक्त बनाता है। हमारा पीएचडी कार्यक्रम उच्च गुणवत्ता वाले और प्रभावशाली अध्ययनों में संलग्न होने के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करता है, जो न केवल शिक्षाविदों बल्कि उद्योग जगत में भी योगदान देगा। मैं उन सभी को आमंत्रित करता हूं जो प्रबंधन के विचार और अभ्यास के भविष्य को आकार देना चाहते हैं। डॉक्टोरल कार्यक्रम चार वर्षों का है और इसे तीन चरणों में विभाजित किया गया है: प्रबंधन की मूलभूत अवधारणाएँ, विशेषज्ञता और डॉक्टोरल शोध प्रबंध। यह अर्थशास्त्र और सार्वजनिक नीति, वित्त और लेखा, मानव संसाधन प्रबंधन और संगठनात्मक व्यवहार, मानविकी और लिबरल आर्ट्स (जिसमें व्यावसायिक संचार शामिल है), सूचना प्रणाली, विपणन, संचालन और मात्रात्मक तकनीकों, तथा रणनीति और उद्यमिता जैसे विभिन्न क्षेत्रों में शोध के अवसर प्रदान करता है। शोध उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए, इस कार्यक्रम में वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिसमें पहले दो वर्षों के लिए प्रति माह 50,000 रुपये की छात्रवृत्ति और उसके बाद के वर्षों के लिए 55,000 रुपये की छात्रवृत्ति शामिल है। इसके अलावा, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के लिए 2,00,000 रुपये की अनुदान राशि दी जाती है। डॉक्टोरल विद्वानों को एक आकस्मिक अनुदान और शोध-संबंधित साधनों के लिए एक बार 50,000 रुपये की सहायता भी दी जाएगी।

## मंत्रालय कैडर के एक दर्जन अधिकारियों का तबादला

**रायपुर (आरएनएस)।** सामान्य प्रशासन विभाग ने मंत्रालय कैडर के एक दर्जन अनुभाग अधिकारियों अधिकारियों के तबादला आदेश जाती किया है। साथ ही 17 सहायक अनुभाग अधिकारियों का भी तबादला किया गया है।

# नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे को नगर निगम कर्मचारी एकता संघ के पदाधिकारियों, निगम अधिकारियों ने दी हार्दिक बधाई



### नवनिर्वाचित पार्षदगण, गणमान्यजन, आमजन वार्डवासी मिलकर दिन भर बधाईयां देते रहे

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज राजधानी शहर रायपुर की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे से मिलकर उन्हें जनता द्वारा महापौर पद पर निर्वाचित किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए रायपुर नगर निगम कर्मचारी एकता संघ के कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद जाघव, उपाध्यक्ष मोहित दर्रो, श्याम सोनी, पदाधिकारी बमशंकर गुप्ता, आनंद ताम्रकार, जितेन्द्र नियाल, राजश्री श्रीवास सहित पदाधिकारियों, निगम कर्मचारियों ने बुके प्रदत्त कर उन्हें हार्दिक बधाईयां दी। नगर निगम रायपुर के अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, कृष्णा खटीक, निगम सचिव सूर्यकांत श्रीवास्तव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, सेवानिवृत्त वरिष्ठ अभियंता संविदा बद्री चंद्राकर सहित निगम अधिकारियों ने नवनिर्वाचित महापौर मीनल चैबे को बुके देकर राजधानी शहर का प्रथम नागरिक महापौर जनता द्वारा निर्वाचित किये जाने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी।

नगर पालिक निगम रायपुर की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चैबे से उनके चंगोराभाठा बाजार चौक वसुंधरा नगर स्थित निजी आवास में नगर के गणमान्यजनों, आमजनों, नगर निगम रायपुर के नवनिर्वाचित पार्षदों द्वारा मिलकर उन्हें महापौर निर्वाचित होने पर बुके देकर बधाईयों का सिलसिला दिन भर चलता रहा। नवनिर्वाचित महापौर मीनल चैबे से मिलकर उन्हें महापौर पद पर जनता द्वारा निर्वाचित किये जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए नगर निगम के नवनिर्वाचित पार्षद सूर्यकांत राठौड़, मुरली शर्मा, पूर्व पार्षद कामिनी पुरूषोत्तम देवांगन, सुशीला धीवर, सामाजिक कार्यकर्ता संजू नारायण सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार शशांक खरे, श्रवण यदु, वरिष्ठ छायाकार नगेन्द्र वर्मा सहित नगर के गणमान्यजनों, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों, आमजनों, वार्डवासियों ने मिलकर बुके देकर नवनिर्वाचित महापौर को हार्दिक बधाईयां दी।

**मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड क्र. 59 में 20 वर्षों का बदला इतिहास**

# भाजपा प्रत्याशी अंजली जितेंद्र गोलछा ने 2670 वोटो के बड़े अंतर से कांग्रेस का किला ढहाया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा ने पहली बार इतनी बड़ी जीत हासिल की है। राजधानी रायपुर के मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड क्र. 59 में वार्ड बनने के 20 वर्षों से कांग्रेस के पार्षद रहे सुमीत दास, अमित दास के किले को भाजपा प्रत्याशी अंजली जितेंद्र गोलछा ने ध्वस्त किया। इस बार के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अंजली जितेंद्र गोलछा को कुल 5398 मत प्राप्त हुए कांग्रेस के कविता अमित दास को 2727 मत प्राप्त हुए। 2670 वोटो के बड़े अंतर से भाजपा प्रत्याशी अंजली जितेंद्र गोलछा ने बड़ी जीत हासिल दर्ज की इस जीत के साथ कांग्रेस का 20 वर्षों का वर्चस्व भी समाप्त हो गया। भाजपा के वरिष्ठ सदस्य जितेंद्र गोलछा ने बताया कि यह जनमत जनता के द्वारा चुना गया है। पिछले 20 वर्षों से निरंतर अपना गढ़ समझने वाले कांग्रेस के दास बंधुओ की करारी हार से यह स्पष्ट होता है कि वार्ड के अंदर उनका कितना आक्रोश था। पिछले 20 वर्षों से कांग्रेस के पार्षद ने आम जनता का शोषण किया। वार्ड के अंदर मनमाने ढंग से काम कर चारों ओर सिर्फ अपराधिक घटनाएं, भ्रष्टाचार, अवैध वसूली, अवैध निर्माण, शराब, गांजे, सट्टे जुए के कारोबार करने वाले को विशेष संरक्षण देकर उनके व्यापार को ओर बढ़ाया। वार्ड के आम जनता के कार्य प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजनाएं, राशन कार्ड, मजदूर कार्ड जैसे अनेक योजनाओं को आम जनता तक सुचारू रूप से पहुंचा पाने में असमर्थ रहे। सिर्फ अपने चहते को योजनाओं का लाभ दिया। आम जनता का आक्रोश समय समय में देखने को मिलता था। सभी नगरीय निकाय चुनाव के इंतजार में थे। चुनाव के चालू होते ही शुरू से आम जनता ने तय कर लिया था कि इस बार बदलाव लाना है। जिसका परिणाम स्पष्ट दिखता है जितने वोट कांग्रेस प्रत्याशी को मिले उतने वोटो के अंतर से अंजली जितेंद्र गोलछा ने बड़ी जीत हासिल की। अंजली गोलछा वार्ड के लिए संभ्रांत परिवार शिक्षित और संस्कारी नया चेहरा है। जितेंद्र गोलछा ने बताया कि इस जीत के बाद वार्ड में जो अव्यवस्था फैली है। उसे तुरंत दूर किया जाएगा वार्ड को रायपुर राजधानी के अनुरूप एक नई पहचान दी जाएगी।

# रायपुर शहर में भारतीय जनता पार्टी की विशाल जीत की बहुत-बहुत शुभकामनाएं

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** शंकर नगर मंडल के वर्तमान अध्यक्ष राम प्रजापति ने निगम चुनाव में विशाल जीत के लिए सर्वप्रथम मीनल चौबे दीदी को महापौर निर्वाचित होने पर शुभकामनाएं दी, अध्यक्ष प्रजापति ने बताया शीर्ष नेतृत्व सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल जी, विधायक श्री राजेश मूणत जी, विधायक श्री सुनील सोनी जी, विधायक श्री मोती लाल साहू जी, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा जी के कुशल मार्गदर्शन में सभी कार्यकर्ता अपने प्रत्याशी के लिए बहुत दमदारी से लड़े। और ऐतिहासिक मतों से महापौर का निर्वाचन हुआ। मंडल क्षेत्र के वार्डो से पार्षद निर्वाचित होने पर गुरु गोविंद सिंह वार्ड से कैलाश बेहरा जी को, काली माता वार्ड से श्रीमती साधना प्रमोद साहू जी को एवं शंकर नगर वार्ड से राजेश गुप्ता जी को पार्षद निर्वाचित होने पर बहुत बहुत शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही साथ रायपुर शहर के समस्त वरिष्ठ नेताओं, उत्तर विधानसभा विधायक श्री पुरंदर मिश्रा जी, जिलाध्यक्ष श्री रमेश ठाकुर जी की कुशल रणनीति एवं मंडल के समस्त कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# श्रीमती लक्ष्मी शंकर पटेल ने माना बस्ती में विशाल रैली निकालकर मांगा समर्थन एवं आशीर्वाद



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर जिले की धरसीवा जनपद की चर्चित ग्राम पंचायत माना बस्ती से सरपंच पद हेतु शिक्षित मृदुभाषी मिलनसार योग्य प्रत्याशी श्रीमती लक्ष्मी शंकर पटेल मैदान पर हैं श्रीमती लक्ष्मी पटेल पोस्ट ग्रेजुएट हैं उन्होंने आज ग्राम पंचायत माना बस्ती में विशाल रैली निकालकर ग्राम वासियों से समर्थन, सहयोग एवं आशीर्वाद मांगा साथ ही उन्होंने ग्राम वासियों को विश्वास दिलाया कि अगर आप सभी का प्यार आशीर्वाद मिलता है तो मैं ग्राम पंचायत माना बस्ती को एक आदर्श ग्राम पंचायत बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोडूंगी उन्होंने आगे कहा महिलाओं के लिए महतारी बंधन का लाभ ,उज्ज्वला योजना का लाभ ,प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ, भूमिहीन किसान मजदूर को उनके हक के साथ-साथ ग्राम पंचायत के समुचित विकास के लिए पक्की सड़क, नालियां ,समुचित पेयजल व्यवस्था के साथ स्वास्थ्य सुविधाएं, स्कूलों का उन्नयन आदि कार्य उनकी प्राथमिकता में रहेगा श्रीमती लक्ष्मी शंकर पटेल ने ग्राम वासियों से उनके चुनाव चिन्ह फलों सहित नारियल का पेड़ छाप पर मोहर लगाकर भारी मतों से विजई बनाने की अपील की।

# जितेंद्र धुरंधर का 'हर समाज का साथ हर घर मेरा परिवार' के नारों के साथ धुआंधार प्रचार




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में हो रहे त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव में रायपुर जिला पंचायत सदस्य पद हेतु क्षेत्र क्रमांक 01 से भाजपा समर्थित लोकप्रिय शिक्षित, ऊर्जावान, मिलनसार,अनुभवी प्रत्याशी किसान पुत्र जितेंद्र धुरंधर (जीतू कका) प्रत्याशी पद खड़े है जितेंद्र धुरंधर किसान पुत्र होने के साथ-साथ राजनीतिक एवं कई सामाजिक पदों पर कार्य किया है उन्हें क्षेत्र के विकास का काफी अनुभव है पूर्व सरपंच भी रह चुके हैं आज इनका धुआंधार प्रचार धरम पुरा, टेमरी, माना बस्ती में हुआ इन्होंने समस्त ग्राम वासियों से निवेदन किया कि उन्हें जिला पंचायत सदस्य पद हेतु अपना समर्थन एवं आशीर्वाद दें उन्होंने कहा कि मुझे सारे क्षेत्र की जानकारी है एवं मैं क्षेत्र के विकास के लिए अधिक से अधिक कार्य करूंगा खासकर किसान मजदूर भाइयों के लिए महतारी बंधन के लाभ से छुटी महिलाओं को महतारी बंधन का लाभ ,भूमिहीन किसान मजदूर को लाभ दिलाने के लिए कार्य करूंगा प्रधानमंत्री आवास योजनाओं के तहत उनको पक्का मकान गांव में एवं जिला पंचायत सदस्य के नाते जितना अधिक से अधिक विकास कार्य होगा उसको मैं प्रमुखता से करूंगा यही मेरी प्राथमिकता भी रहेगी आपका प्यार, स्नेह ,आशीर्वाद के साथ-साथ मुझे आप मेरे चुनाव चिन्ह पतंग छाप पर मोहर लगाकर सेवा का अवसर प्रदान करें मैं आपको विश्वास दिलाता हूं की आपको कभी मायूस नहीं होने दूंगा एवं आप सभी के दुख सुख में हर समय सदैव साथ खड़ा रहूंगा।

# एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल में जनरल सर्जरी निःशुल्क प्रथम परामर्श शिविर

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल, लालपुर, रायपुर, 17 फरवरी से 22 फरवरी 2025 तक जनरल सर्जरी के लिए परामर्श शिविर का आयोजन कर रहा है जिसमे प्रथम परामर्श पूर्णतः निःशुल्क है एवं आवश्यक जांचों पर 30त्न तक की छूट भी दी जाएगी। यह शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित किया जाएगा। इस शिविर में डॉ. राजेश कुमार सिन्हा (वरिष्ठ सलाहकार, रोबोटिक एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन) और डॉ. गौरव जोशी (सलाहकार, लेप्रोस्कोपिक एवं जीआई सर्जन) मरीजों को परामर्श देंगे। यदि आप एसिड रिफ्लक्स, मुँह में खट्टा पानी या खट्टी डकार आना, पेट या सीने में जलन एवं दर्द, गॉलब्लैडर (पित्त की पथरी), अपेंडिक्स, पाइल्स, फिस्टुला, फिशर, सभी प्रकार के हर्निया, आमाशय और आंतों की समस्या, लिवर, पेंक्रियाज, स्प्लीन की समस्या/बीमारी, पेट में गांठ जैसी समस्याओं से परेशान हैं, तो फ़ौरन परामर्श लें। एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल हमेशा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस निःशुल्क परामर्श शिविर का उद्देश्य जनरल सर्जरी से संबंधित समस्याओं से जूझ रहे लोगों को विशेषज्ञ सलाह और मार्गदर्शन प्रदान करना है।

# एनआईटी रायपुर ने 'बिजनेस मॉडल और मेंटल हेल्थ' पर आयोजित की कार्यशाला

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर के एंटरप्रेन्योरशिप सेल ने विगत दिनों 'बिजनेस मॉडल और मेंटल हेल्थ' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें 'बेटरस्पेस' के सह-संस्थापक अभिलाष श्रीवास्तव मुख्य वक्ता रहे। यह सत्र ई-सेल के फैकल्टी-इन-चार्ज डॉ चंद्रकांत ठाकुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। श्री अभिलाष ने अपने उद्यमिता सफर से जुड़े अनुभव साझा किए और दो बिजनेस मॉडल्स पर चर्चा की। एक जिसे सफलतापूर्वक बेच दिया गया और दूसरा जो अभी पिचिंग चरण में है। उन्होंने प्रतियोगिता की तुलना में एक्जीक्यूशन को अधिक महत्वपूर्ण बताया और नए स्टार्टअप्स को सलाह दी कि वे वैल्यूएशन की दौड़ में पड़ने से पहले एक ठोस बिजनेस मॉडल बनाने पर ध्यान दें। उन्होंने वित्तीय जोखिम, व्यापारिक अनिश्चितताओं और संचालन से जुड़ी चुनौतियों के बारे में भी चर्चा की और इनसे निपटने व संकट के समय व्यवसाय को बनाए रखने की रणनीतियाँ साझा कीं।

कार्यशाला का मुख्य आकर्षण 'उद्यमिता में मानसिक स्वास्थ्य' रहा। अभिलाष ने तनाव, आत्म-संदेह और इम्पोस्टर सिंड्रोम जैसी मानसिक चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने स्टार्टअप फाउंडर्स को अवसाद से निपटने के लिए थेरेपी लेने की सलाह दी, और अस्वस्थ आदतों जैसे नशे का सहारा कभी न लेने के की बात की। उन्होंने जोर दिया कि स्टार्टअप्स की असफलता का मुख्य कारण बाहरी प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि आंतरिक गलतियाँ होती हैं।

इस सत्र में एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर भी हुआ, जिसमें वित्तीय प्रबंधन, करियर परिवर्तन और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े प्रश्नों पर चर्चा की गई।

# नक्सल प्रभावित इलाकों में रोशनी की नई किरण, विद्युत सुविधाओं के विस्तार को मिली रफ्तार : सीएम साय

### सौर ऊर्जा को बढ़ावा, तकनीकी नवाचार से बिजली बचत, मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में ऊर्जा विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक में प्रदेश में निरंतर और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, सौर ऊर्जा (स्थ्द्यड्डह्म् श्वठ्ठद्गह्म्द्द4) को बढ़ावा देने और नवीन तकनीकों के माध्यम से बिजली व्यय को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देकर, नवीनतम तकनीकों का उपयोग कर और उपभोक्ताओं को अधिक सुविधाएं देकर हम राज्य को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाएंगे। साथ ही, ग्रामीण व शहरी विद्युतीकरण के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाते हुए हर घर तक बिजली पहुंचाने का लक्ष्य पूरा करेंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने नियद नेल्लानार योजना के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हुए व्यापक विद्युतीकरण की सराहना की। उन्होंने कहा कि नक्सल प्रभावित सभी गाँवों को विद्युत सुविधा से जोड़ना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इससे ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा में शामिल करने और उनके जीवन स्तर को सुधारने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्युत सुविधाओं से वंचित शेष क्षेत्रों को जल्द से जल्द रोशन किया जाए।

**उपभोक्ताओं को बिजली बिल भुगतान में राहत, ऑनलाइन भुगतान को मिलेगा बढ़ावा :** मुख्यमंत्री श्री साय ने बिजली बिल के बकाया भुगतान को लेकर उपभोक्ताओं को विशेष राहत देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बिजली बिल का समय पर भुगतान न होने से सरकार को राजस्व हानि होती है, वहीं उपभोक्ताओं को भी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसलिए बकाया बिल के एकमुश्त भुगतान की विशेष सुविधा दी जानी चाहिए, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिले और सरकार के राजस्व में भी वृद्धि हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं को मोबाइल मैसेज और लिंक के माध्यम से उनके बिजली बिल की जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे आसानी से ऑनलाइन भुगतान कर सकें।

**ऊर्जा क्षेत्र में तकनीकी नवाचार को मिलेगा प्रोत्साहन :** मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीण और शहरी विद्युतीकरण से जुड़ी राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के उपयोग से न केवल बिजली की बचत होगी, बल्कि उपभोक्ताओं को भी अधिक सुविधाएं मिलेंगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता सुधारने, ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन लॉस को कम करने, तथा तकनीकी और वाणिज्यिक हानियों को रोकने के लिए ठोस रणनीति विकसित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने सौर ऊर्जा के उपयोग को अधिकतम करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में सौर ऊर्जा उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं, जिसे घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक स्तर पर अपनाने के लिए नई योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू की जानी चाहिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में सौर ऊर्जा परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जाए और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़कर ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा जाए।

बैठक में मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# नगरीय निकायों में सकारात्मक मतदान से भाजपा के ऐतिहासिक जीत हुई : अरुण साव

## गाँवों में भी भाजपा के पक्ष में सकारात्मक वातावरण, हमारे कार्यकर्ता पंचायत चुनावों में भी बड़ी संख्या में जीतकर आएंगे : डिप्टी सीएम

### दिल्ली में कांग्रेस शून्य पर रही है, छत्तीसगढ़ के नगर निगमों में भी शून्य पर रही, कांग्रेस लगातार शून्य की ओर बढ़ रही है : साव



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रदेशभर के नगरीय निकायों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत को भाजपा की सकारात्मक जीत बताते हुए कहा है कि निकाय चुनावों में हम अपने कार्यों को लेकर जनता के बीच पहुँचे थे और जनता-जनार्दन के साथ-साथ हमें भी अपने कार्यों पर पूरा भरोसा है और यही विश्वास भाजपा के पक्ष में सकारात्मक मतदान का आधार बना। श्री साव ने कहा कि निकाय चुनावों में भाजपा की प्रचण्ड जीत को ईवीएम की जीत बताना कांग्रेस द्वारा जनता और उनके जनादेश का अपमान है। श्री साव ने कांग्रेस पर करारा कटाक्ष करते हुए कहा कि दिल्ली में कांग्रेस शून्य पर रही है, छत्तीसगढ़ के नगर निगमों में भी शून्य पर रही। कांग्रेस लगातार शून्य की ओर बढ़ रही है।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री साव ने सोमवार को यहाँ एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता ने प्रदेश के सभी 10 नगर निगमों में भाजपा को ऐतिहासिक बढ़त और अंतर के साथ जिताया है, 49 में से 35 नगरपालिकाओं और 114 नगर पंचायतों में से 81 नगर पंचायतों में भाजपा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। पिछले 13-14 महीनों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत किए गए वादों को तेजी से पूरा करने का काम किया। नगरीय निकाय क्षेत्रों में तेजी से लगातार विकास के काम किए। 7,500 करोड़ रुपए की राशि नगर निकायों को जारी की। जनसमस्या निवारण पखवाड़े का आयोजन किया। स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया और अनुकम्पा नियुक्ति के काफी समय से लम्बित प्रकरणों का निपटारा किया। हमारे कामों पर जनता ने अपने विश्वास की मुहर लगाई है।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि मोदी गारंटी को पूरा करते हुए प्रदेश के 25 लाख किसानों का प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रु. प्रति क्विंटल की दर पर खरीदा और समर्थन मूल्य के साथ-साथ अंतर की राशि के एकमुश्त भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित की। 12 लाख किसानों को दो साल के बकाया बोनस का एकमुश्त भुगतान कृषक उन्नति योजना के तहत किया। प्रदेश की 70 लाख महिलाओं के खातों में महतारी वन्दन योजना के तहत हर माह 1,000 हजार रुपए सीधे जमा हो रहे हैं। 13 लाख तेन्दूपत्ता संग्राहकों को प्रति मानक बोरा 4000 रु. से बढ़ी हुई दर की 5500 रुपए राशि व बोनस का भुगतान किया। इसी प्रकार 5.62 लाख भूमिहीन कृषि मजदूरों को 10 हजार रु. सालाना दे रहे हैं। ऐसे अनेक कामों के कारण आज प्रदेश की जनता में भाजपा के प्रति विश्वास लगातार बढ़ रहा है।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को 46 प्रतिशत से अधिक वोट मिला, लोकसभा चुनाव में 52 प्रतिशत से अधिक वोट मिला, और अब नगरीय निकाय के चुनावों में भाजपा को 55.41 प्रतिशत वोट मिला है। लगातार भाजपा का जनाधार बढ़ता ही चला जा रहा है। निकाय चुनावों के लिए भाजपा ने 卐अटल विश्वास पत्र卐 जारी कर विकास का विजन और रोडमैप प्रस्तुत किया। उसके आधार पर इतनी बड़ी सफलता भाजपा को मिली है। श्री साव ने तीन चरणों में होने जा रहे त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों के सोमवार से शुरू मतदान की चर्चा करते हुए कहा कि कहा कि सोमवार को पहले चरण में 27,210 पंच, 3,605 सरपंच, 911 जनपद सदस्य और 149 जिला पंचायत सदस्यों के लिए मतदान हुआ है। श्री साव ने कहा कि अभी गाँवों में लोकतंत्र का उत्सवी वातावरण देखते ही बन रहा है!

ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाऐं
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354